दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार


जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 304 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 29 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## गीता ने सिखाया- अत्याचारियों का अंत भी जरूरीः पीएम मोदी

जयपुर टाईम्स

**उडुपी (एंजेसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एकदिवसीय कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। जहां उडुपी में जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'उडुपी आना मेरे लिए खास इसलिए भी है क्योंकि उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि रही है। 1968 में, उडुपी के लोगों ने हमारे जनसंघ के वी.एस. आचार्य को यहां के नगरपालिका परिषद में जिताया था... आज हम देश भर में जो स्वच्छता अभियान देख रहे हैं, उसे उडुपी ने पांच दशक पहले अपनाया था...' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा



निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है... यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, यही ऊर्जा सामाजिक एकता की शक्ति है इसलिए आज लक्ष कंठ गीता का ये अवसर एक विशाल ऊर्जा पिंड को अनुभव करने का अवसर बन गया है।' पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने से तीन दिन पहले मैं अयोध्या में था। 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है... राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है।' उन्होंने कहा, 'आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है... भगवान श्री कृष्ण हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान सिखाते हैं और इन्हीं की प्रेरणा से देश नारी शक्ति वंदन अधिनियम का ऐतिहासिक फैसला लेता है।

### देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है... हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और उसी प्राचीर से हम मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं... देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है... हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और शांति की रक्षा करना भी जानते हैं।'*


### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

*अपने इस दौरे के दौरान पीएम मोदी 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन करेंगे, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा वे 'कनक कवच' भी समर्पित करेंगे। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे। श्री कृष्ण मठ की स्थापना करीब 800 साल पहले श्री मध्वाचार्य ने की थी, जो द्वैत वेदांत दर्शन के संस्थापक थे।*

## मोदी से वार्ता करने को लेकर पुतिन उत्सुक, 4 दिसंबर को आ रहे भारत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे विदेश मंत्रालय की ओर से पुतिन के भारत दौरे की पुष्टि कर दी गई है। भारत दौरे के दौरान को तीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे 2022 में यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है इससे पहले पुतिन और मोदी हाल ही में एस. सी. ओ. सबमिट में मिले थे पिछले दिनों विदेश मंत्रालय ने बताया था कि पुतिन भारत और रूस के बीच सालाना समिट और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग के लिए भारत आएंगे। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था इसी निमंत्रण को स्वीकार करते हुए पुतिन भारत दौरे पर आ रहे हैं भारत और रूस हर साल बारी बारी से इस बैठक की मेजबानी करते हैं इस बार इसकी मेजबानी भारत कर रहा है। पुतिन के भारत दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच आपस के रिश्तों में और मजबूती आएगी तथा दोनों देशों के बीच व्यापारिक सामाजिक आर्थिक और वैश्विक



संबंधों में और मजबूती आने की बात कही जा रही है। स्पेशल प्रिविलेज स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूत करने पर भी बात होगी आपसे सहयोग के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा दोनों देशों के बीच कुछ और विशेष मुद्दों पर बातचीत होने की बात कही जा रही है जिसमें एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर बात हो सकती है। भारत पांच और एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है यह वही सिस्टम है जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान काफी असरदार साबित हुए थे ।5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात में इस पर चर्चा हो सकती है पुतिन की आगामी भारत यात्रा में कच्चे तेल का व्यापार एक बड़ा मुद्दा हो सकता है रूस भारत को तेल खरीद पर छूट जारी रखने की पेशकश कर सकता है इसके अलावा लड़ाकू विमान पर भी दोनों देशों के बीच चर्चा हो सकती है तथा रूस यूक्रेन युद्ध पर बातचीत होने की भी संभावना है इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी कई बार शांति की अपील कर चुके है। हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन की विदेश मंत्री से बात की थी उन्होंने दोहराया था कि भारत चाहता है कि युद्ध जल्दी खत्म हो और शांति कायम हो जानकारी के अनुसार व्लादिमीर पुतिन फरवरी 2022 में रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह व्लादिमीर पुतिन का भारत का पहला दौरा होगा। उनका पिछला दौरा दिसंबर 2021 में सालाना सम्मिट में हुआ था बताया गया है कि वर्तमान परिपेक्ष में व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए काफी उत्सुक हैं क्योंकि वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच कहीं ना कहीं संबंधों में थोड़ी गिरावट आई है क्योंकि अमेरिका की ओर से भारत पर जोरदार टैरिफ लगाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच दूरियां बढ़ गई थी। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ अपने संबंध मजबूत करने की बात जरूर कहते हैं लेकिन कहीं ना कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आपस में पहले की तरह दोस्ताना व्यवहार नजर नहीं आ रहा इस बात को रस भी अच्छी तरह से जानता है इसलिए रूस जो कि शुरू से ही भारत के साथ हमेशा अपने अच्छे संबंध बनाने के लिए जाना जाता है इस बार पुतिन अपनी भारत की इस यात्रा से वर्षों से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम और बड़े फैसले ले सकते हैं।

## भजन लाल शर्मा ने दिल्ली में उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया

***दिल्ली में फिक्की की बैठक में हुए शामिल और कहा राजस्थान सरकार निवेशकों की हर समस्या का समाधान करने के लिए है पूरी तरह से तैयार***

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को दिल्ली में फिक्की की बैठक में शामिल उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि राजस्थान में पर्यटन और हर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं और राजस्थान सरकार ने उद्योगपतियों की हर समस्या के समाधान के लिए व्यापक तौर पर नई व्यवस्थाएं और नए कदम उठाए हैं इसलिए राजस्थान में निवेश करने में कहीं भी किसी भी तरह की कोई परेशानी और रुकावट राजस्थान सरकार नहीं आने देगी उन्होंने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि राजस्थान सरकार उनके लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है और राजस्थान में निवेश करना उनके लिए घाटे का सौदा भी नहीं रहेगा क्योंकि राजस्थान वर्तमान में पूरे देश में सबसे तेजी से विकास कर रहा है। राजस्थान के अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में फिक्की की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में और देश के विकास में फिक्की का बहुत बड़ा योगदान रहा है और यह योगदान भारत की आजादी से पहले भी था और भारत की आजादी के बाद भी देश के विकास में फिक्की ने बड़ी भूमिका निभाई उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा परिवहन पर्यटन हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है राजस्थान में भांति भांति के खनन हैं करीब 80 से ज्यादा भांति भांति के खनन हैं जिनमें निवेश की प्रचुर संभावनाएं हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के समझौते किए जिसमें 750000 करोड रुपए के समझौते धरातल पर भी आ गए हैं राजस्थान सरकार निवेशकों को जमीन उपलब्ध करवाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है और कई निवेशकों को जमीन का आवंटन भी कर दिया गया है



उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेशकों को प्रोत्साहित करने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के नीतिगत फैसले लिए हैं और कई तरह की नीतियां बनाई है तथा प्रवासी राजस्थानियों के हितों की रक्षा के लिए और प्रदेश में निवेश करने वाले प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार ने एक अलग ही विभाग की स्थापना कर दी है और यह विभाग प्रवासी राजस्थानियों से जुड़े हर छोटे-बड़े विषय का पूरा ध्यान रखेगा ताकि प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में निवेश करने में और अन्य किसी भी तरह की सुविधा का सामना करना नहीं पड़े उन्होंने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी पूरे देश में नंबर वन पर है और यहां अब बिजली उत्पादन की दिशा में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है इसी तरह से प्रदेश में सड़क रेल और वायु परिवहन के सुविधाओं में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है मुख्यमंत्री शर्मा ने उद्योगपतियों से कहा कि जितना फायदा उन्हें राजस्थान में उद्योग स्थापित करने में होगा उतना फायदा उन्हें हिंदुस्तान में और किसी स्टेट में नहीं होगा इसलिए राजस्थान में अपनी फैक्ट्रियां और उद्योग स्थापित करें सरकार पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है।

## मोदी के निर्देशन और अश्वनी वैष्णव की कड़ी मेहनत से रेलवे की विश्व में ऊंची उड़ान

### चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की कड़ी मेहनत और उनके नवाचारों से इंडियन रेलवे पिछले कुछ सालों से तेजी से विकास की ओर बढ़ता हुआ दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडियन रेलवे में आधुनिकरण की जबरदस्त लहर देखने को मिल रही है तो दूसरी तरफ रेलवे के यात्री सुविधाओं में भी जोरदार इजाफा हुआ है रेलवे में सुरक्षा और मजबूत हुई है तो दूसरी तरफ रेलवे के ट्रैक संचालन में भी कई तरह के नवाचार और आधुनिकरण किए जाने से रेलवे की ट्रैक भी नए लुक में नजर आ रहे हैं, एक तरफ देश में मेट्रो रेल सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है , तो दूसरी तरफ देश के उन इलाकों में जहां पहले कोई रेल सुविधाओं के बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता था उन इलाकों में भी रेलवे का संचालन होने लगा है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि मोदी सरकार की मानी जा रही है और इस उपलब्धि में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की कड़ी मेहनत छुपी हुई है अश्वनी वैष्णव सुबह से देर रात तक रेलवे के विकास और विस्तार से संबंधी मीटिंगों में व्यस्त रहते हैं तो दूसरी तरफ कहीं ना कहीं मौके पर



जाकर रेल प्रोजेक्ट ओं के निर्माण कार्यों का जायजा लेती हुई भी रोजाना दिख रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को स्टेशन के आधुनिकीकरण परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। विस्तृत समीक्षा के बाद अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर खुशी जताई। निरीक्षण के दौरान, रेलवे और फ़ूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज़ के राज्य मंत्री रवनीत सिंह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहां की चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास स्टेशन के तौर पर पुनर्विकसित किया जा रहा है। कई इनोवेशन किए गए हैं जिनमें से एक मॉड्यूलर डिज़ाइन है जिसमें प्री-फैब्रिकेटेड डिज़ाइन का इस्तेमाल किया गया है। यह स्टेशन रूफ प्लाज़ा के ज़रिए पंचकूला और चंडीगढ़ शहर के दो सिरों को जोड़ेगा। स्टेशन को 462 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। काम तेज़ी से चल रहा है। टीम स्टेशन को तेज़ी से पुनर्विकसित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर इसका मकसद स्टेशन को विश्व-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। चंडीगढ़ स्टेशन एक मुख्य गेटवे के तौर पर बहुत अहमियत रखता है जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब की प्रसिद्ध जगहों पर जाने वाले ज़्यादातर पर्यटकों और यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है। तेज़ी से किए जा रहे इन प्रयासों का फोकस पैसेंजर सुविधाओं को बढ़ाना कनेक्टिविटी में सुधार करना और एक मॉडर्न आसान और कुशल ट्रैवल हब बनाना होगा जो शहर के प्लान किए गए आर्किटेक्चर को दिखाए और इसके उपयोगकत्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरा करे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने सेमी कंडक्टर लेबोरेटरी मोहाली का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर लैबोरेट्रीको 4500 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक बनाकर विस्तार दिया जा रहा है और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी अपनी जा रही है।

## दिल्ली में भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच बाड़मेर में रिफाइनरी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई क्योंकि रिफाइनरी का काम करीब कंप्लीट हो चुका है इसलिए रिफायनरी के शुभारंभ को लेकर दोनों के बीच गंभीरता से बातचीत हुई है। प्रदेश की भजनलाल सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूरा होने को है और ऐसा कहा जा रहा है कि बाड़मेर की रिफाइनरी का सरकार के 2 साल के पूरा होने के उपलक्ष पर आयोजित समारोह में शुभारंभ भी किया जा सकता है इसी विषय को लेकर दोनों के बीच दिल्ली में काफी देर तक बातचीत हुई है इसके अलावा प्रदेश में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे क्षेत्र में प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा हुई उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ भजनलाल शर्मा ने बाड़मेर में रिफाइनरी का दौरा किया था उस समय रिफायनरीके कार्य को लेकर हरदीप पुरी ने भी संतुष्टि जताई और कहा था कि रिफाइनरी दिसंबर के महीने में शुरू हो सकती है इस तरह की बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कही थी अब राजस्थान



सरकार 2 साल के कार्यकाल के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक को यादगार बनाने के लिए तैयारी में जुट गई है इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को भी आमंत्रित किए जाने की बात कही जा रही है ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रिफायनरी का शुभारंभ किया जाने की चर्चा शासन सचिवालय के गलियारों में सुनने को मिल रही है शुक्रवार को हरदीप सिंह पुरी से भजनलाल शर्मा की जो बातचीत हुई है इसका मुख्य आधार रिफाइनरी ही बताया जा रहा है।

## अधिकारियों एवं कार्मिकों को मिले नियमित प्रशिक्षणः दिया कुमारी

### विभागीय अधिकारी करे गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा महिला एवं बाल विकास प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा एवं निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं वासुदेव मालावत एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को शासन सचिवालय में निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की बजट घोषणाओं के



क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आँगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, सीडीपीओ और उपनिदेशकों का क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण दिया जाए एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के कार्यों को गति प्रदान की जाए। उन्होंने डेटा फीडिंग में गुणात्मक सुधार हेतु निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत ढांचागत सुधार करने के लिए पूर्णप्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है जिसे और गति प्रदान की जाए। आईसीडीएस द्वारा 2 हजार 365 आंगनबाड़ी केंद्रों को 46 करोड रुपए व्यय कर आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य में आपदा प्रबंधन निधि से 7 हजार 918 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत हेतु 172 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। विभाग द्वारा समसा के माध्यम से 3 हजार 33 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 50 करोड रुपए की लागत से मरम्मत के कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा 2 हजार 9 सौ 63 आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्य विभिन्न माध्यमों से मरम्मत कार्य करवाये जा रहें हैं। प्रदेश में लगभग 13 हजार 900 से अधिक केंद्रों भवनों पर भवन मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य करवाये जा रहे है।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
29 नवम्बर, 2025


## महात्मा ज्योतिराव फुले की 135वीं पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिराव फुले दर्शन संस्थान अलवर (रजि.) द्वारा महात्मा ज्योतिराव फुले जी की 135वीं पुण्य तिथि मनाई गई। जिसके तहत सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर विचार-गोष्ठी आयोजित की जिसमें सैनी समाज एवं सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट कर महात्मा ज्योतिराव फुले द्वारा दलितों के उत्थान एवं महिला शिक्षा के बढावा देने के योगदान को याद कर उनके सपने का साकार करने हेतु विचार-विमर्श किया। संस्थान अध्यक्ष नरेश चन्द सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी, झम्मन लाल सैनी, बाबूलाल सैनी, बनवारी लाल सैनी, प्रकाश गंगावत जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अलवर, सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी, भोलाराम शर्मा, राजकुमार बक्शी, मेहश बौद्ध, कालूराम बलाई, विकास बबेरलवाल, फूलचन्द सैनी, हुकमाराम सैनी, प्रतीक सैनी, तेजपाल सैनी, प्रेमनारायण सैनी, कमलेश सैनी पूर्व चेयरमैन, लक्ष्मण खुराडिया, दिनेश सैनी, गिरधारी लाल, खेमचन्द जाटव, सागर सहित सर्व समाज के सैकडों लोग शामिल हुए।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सुशील कुमार तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने एक बार फिर सुशील कुमार सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें तीसरी बार अलवर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लक्षमेश कुमार सिंह ने की प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सुशील कुमार सिंह लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और उनके पिछले दो कार्यकाल अत्यंत सम्मानजनक व प्रभावी रहे हैं। संगठन में उनकी कार्यशैली,



नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने पुनः उन्हें यह दायित्व सौंपने का फैसला लिया है नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहते हैं और आगे भी संगठन को मजबूत करने एवं समाजहित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संपूर्ण कार्यकारिणी का विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार जताया।

## सिलाई का 31 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आरसेटी और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीएनबी के अग्रणी जिला प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने प्रशिक्षणार्थियों को उत्तम प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बधाई दी और इसे उनके लिए आत्मनिर्भरता व रोजगार का प्रभावी साधन बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम मूल्यांकन प्रशिक्षित असेसर शशि कुमार यादव एवं धर्मिष्ठा द्वारा किया गया। मूल्यांकन उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस दौरान आरसेटी के निदेशक जे.पी. मीणा तथा डीएम-एफआई राजीविका रमेश चंद मीणा, लघु उद्योग भारती महिला इकाई की सदस्य और आरसेटी संकाय सदस्य रेणु जैन मौजूद रही।

डी एल एस ए की बैठकः

# पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मामलों में राहत का रास्ता साफ

**जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी ने दिए पोक्सो, हत्या और दुष्कर्म जैसे मामलों में त्वरित भुगतान के निर्देश**

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अपराध पीड़ितों को समाज में पुनः स्थापित करने और उन्हें त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में अलवर न्यायपालिका ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी की अध्यक्षता में आज शाम 4:30 बजे उनके अवकाशगार में 'राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना संशोधित-2023' के तहत एक विशेष और महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य पीड़ितों की ओर से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका शीघ्र निस्तारण करना था। बैठक के दौरान गंभीर अपराधों से जुड़े कुल 23 प्रकरणों और एक एफडीआर (FDR) तुड़वाने के आवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई।

**गंभीर मामलों पर विशेष फोकसः**
बैठक में विशेष रूप से उन मामलों पर चर्चा की गई जो समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग से जुड़े हैं। इसमें पोक्सो अधिनियम (POCSO Act) के तहत 15 प्रकरण, दुष्कर्म के 3 प्रकरण और हत्या के 4 प्रकरण शामिल थे, जिनमें अंतिम प्रतिकर राशि (Final Compensation) प्रदान करने पर विचार-विमर्श हुआ।

### नियम और प्रावधानः

*चर्चा के दौरान 'राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना' की अनुसूची नियम 5(8) के तहत आने वाले गंभीर मामलों का विशेष उल्लेख किया गया। इस नियम में जीवन हानि, अंग-भंग या शरीर के किसी भाग की हानि (जिससे 40 से 80 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता हुई हो), अवयस्क के साथ दुष्कर्म, एसिड अटैक और बाल पीड़ितों के पुनर्वास जैसे मामलों में पीड़ितों को विशेष आर्थिक सहायता का प्रावधान है।*

### अध्यक्ष के निर्देशः

*जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी चयनित मामलों में पीड़ितों को शीघ्र अति शीघ्र अंतिम प्रतिकर राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। बैठक में न्यायपालिका और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी के साथ-साथ एमएसीटी (MACT) कोर्ट की न्यायाधीश श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, लेबर कोर्ट की न्यायाधीश श्रीमती आरती भारद्वाज, एसीजेएम संख्या-03 श्रीमती सीमा हुड्डा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शरण जी.के., लोक अभियोजक महेश शर्मा और बार एसोसिएशन के सचिव पंकज शर्मा उपस्थित रहे।*

## विभिन्न विभागों द्वारा शुक्रवार को ग्रेप के उल्लंघन पर कार्रवाई कर 331100 का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** भिवाड़ी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, नगर परिषद, बीड़ा, रीको, आरएसपीसीबी, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से व्यापक कार्रवाई की। विभिन्न विभागों द्वारा किए गए निरीक्षणों, चालानों और दंडात्मक कार्यवाहियों के माध्यम से शुक्रवार को 331100 का जुर्माना लगाया गया तथा ग्रेप की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभागों द्वारा सी एंड डी गतिविधियाँ (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण गतिविधियाँ) कि साइट्स पर कुल 179 निरीक्षण किए गए, जिनमें 61 उल्लंघन पाए गए। कार्रवाई के दौरान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर परिषद और रीको द्वारा कुल 59 चालान जारी किए गए तथा 323600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा अवैध डंपिंग रोकने के लिए 7 निरीक्षण किए गए और 6 चालान जारी कर 3000 रुपये का दंड वसूला गया। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद द्वारा कचरा जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए 5 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 3 चालान जारी किए गए और 4500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा 15 वाहनों पर प्रदूषण फैलाने के चलते चालान की कार्रवाई की गई। आरएसपीसीबी द्वारा 73 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 1 में उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की गई। मानकों का पालन न करने वाले 3 डीजी सेट को सील किया गया। सड़क धूल कम करने के लिए रिको, बीड़ा, नगर परिषद, हाउसिंग बोर्ड विभागों द्वारा 23 टैंकर एवं वॉटर स्प्रिंकलर तैनात किए गए। इसके साथ ही 4 MRSM मशीनें तैनात की गईं तथा कुल 68.5 किलोमीटर सड़क मार्ग का सफाई कार्य किया गया।

सरस डेयरी में 36वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

## सरस डेयरी में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - चेयरमैन नितिन सांगवान

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (अलवर सरस डेयरी) की 36वीं वार्षिक आमसभा नवनिर्वाचित चेयरमैन नितिन सागवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक के ऑडिट रिपोर्ट, आक्षेप पूर्ति और अनुमोदन पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही डेयरी विकास से जुड़े विषयों जैसे दूध संकलन वृद्धि, 5 LLPD क्षमता विस्तार, 25 TLPD आइसक्रीम प्लांट और मूल्य संवर्धन परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। आमसभा से पूर्व चेयरमैन सांगवान ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। अपने उद्बोधन में चेयरमैन नितिन सागवान ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सभी सदस्य समितियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में सरस ने उत्पादन, आपूर्ति और गुणवत्ता में बड़ी प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में डेयरी का राजस्व 20.86 करोड़ रुपये बढ़ा है तथा दूध संकलन और किसानों को भुगतान में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत किसानों को प्रति लीटर 5 रुपये अतिरिक्त भुगतान में 23.64 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। साथ ही सरस सुरक्षा कवच बीमा योजना, सामूहिक आरोग्य योजना और सरस लाडली योजना जैसी योजनाओं से सदस्यों को लाभ मिला है।

### भ्रष्टाचार और मिलावट के खिलाफ सख्त रुख

चेयरमैन सागवान ने स्पष्ट किया कि अलवर सरस डेयरी में भ्रष्टाचार और मिलावट को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिलावट में लिप्त कुछ समितियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है, पेनल्टी लगाई गई है और कुछ समितियों को बंद भी किया गया है।

### नए प्लांट का निर्माण जल्द शुरू

उन्होंने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के सहयोग से 320 करोड़ रुपये की लागत से 5 लाख लीटर क्षमता वाले आधुनिक प्रसंस्करण प्लांट का भूमि पूजन जल्द ही किया जाएगा। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर उमाशंकर चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रामफल गुर्जर, महेंद्र यादव, अजीत सिंह, शिवलाल मीणा, माया देवी, मीनाक्षी यादव, संजय कुमार मीणा, समय सिंह मीणा, अनिल नरूका, नज़्मा, साहूनी, सतपाल यादव, करण सिंह यादव, प्रेम पटेल, श्रीनिवास, शिव सहाय सहित अनेक किसान व सदस्य उपस्थित रहे।

## अनियमितता बरतने पर 5 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**जिले के किसान पंजीकृत आदान विक्रेताओं से ही कृषि आदान क्रय करें - मीणा**

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले में यूरिया वितरण एवं व्यवस्था हेतु 10 कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं का निरीक्षण कर पाई गई अनियमित्ताओं के लिए 5 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए एवं एक नमूना आहरण किया गया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने जिले के निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिशानुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करें, उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण करें और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समस्त किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान 1800 मैट्रिक टन यूरिया व 1600 मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले ब्लॉकों को चिन्हित कर जिले भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए विभाग के अधिकारी जिले में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का माहवार व कंपनिवार आवंटन किया जाता है। प्राप्त आवंटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर उर्वरकों का वितरण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इफ्को एवं नर्मदा बायो कैम कम्पनियों की यूरिया रैक लगने जा रही है। उन्होंने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि कृषि आदान विक्रेताओं से उर्वरक विक्रय करने के लिए अपना आधार कार्ड एवं जमीन से संबंधित दस्तावेज (जमाबंदी) साथ लेकर जावे। साथ ही केवल पंजीकृत आदान विक्रेताओं से ही कृषि आदान क्रय करें।

## पतंजलि महिला योग समिति नवलगढ़ के सदस्यों का उत्कर्ष कार्य के लिए हुआ सम्मान

**नवलगढ़ः(निसं.)** नवलगढ़ तहसील प्रभारी सन्तोष व सदस्यों का राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक से लौटने पर समिति कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्रमोद बलोंद्धा के नेतृत्व में स्वागत किया । महिला योग समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर योग ऋषि स्वामी रामदेव जी ने हरिद्वार में सम्मानित किया। नवलगढ़ तहसील प्रभारी सन्तोष ने अपनी तहसील की योग कक्षाओं की जानकारी केंद्रीय प्रभारी देव प्रिया जी को अवगत करवाई 2019 से चलने वाली ऑनलाइन निशुल्क योग कक्षा की जानकारी दी जो निरंतर आज तक गतिशील है । स्वामी जी से प्राप्त लड्डु का प्रसाद व हवन कुंड प्रेरणा दाई प्रसाद है जो हमेशा योग को ओर अधिक गति देने के लिए प्रेरित करता रहेगा। ओनलाइन योग कक्षा से प्रभावित होकर कार्यालय प्रभारी बहन अर्पिता जी ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा ये



ओनलाइन योग कक्षा प्रेरणा दाई साबित होगी।योग के प्रचार प्रसार में नई उंचाई मिलेगी।

# जिला कलक्टर ने किया मालाखेडा क्षेत्र का दौरा

**एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की**

**सुव्यवस्थित मिली ई-लाइब्रेरी प्रशंसा की, आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मालाखेडा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने मालाखेडा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय इंदरगढ़ व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगला चरण में ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जहाँ सुव्यवस्थित मिली संचालन मिलने पर प्रशंसा की। उन्होंने समसा के एडीपीसी को निर्देश दिये कि ई-लाइब्रेरी में बच्चों के लिए और रोचक डिजिटल कंटेंट जोडे। साथ ही केरियर आदि की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति रुचि रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के विभिन्न एप्लीकेशंस का ज्ञान बच्चों को होना अति आवश्यक है, बच्चों को कंप्यूटर कालांश के दौरान वेबसाइट निर्माण, प्रेजेंटेशन निर्माण, ब्लॉगिंग व टाइपिंग सहित अन्य उपयोगी एप्लीकेशन के बारे में जानकरी देवें, ताकि भविष्य में कंप्यूटर की महत्वता के दृष्टिगत बच्चे कंप्यूटर के ज्ञान में नहीं पिछडे। उन्होंने निर्देश दिये कि उपखण्ड क्षेत्र के विद्यालयों हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए गए पौधों का नियमित रूप से रख-रखाव सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त उन्होंने दोनों विद्यालयों में मिड डे मील, रसोई, कक्षा-कक्षा, शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यालय में समुचित व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित रहे। साथ ही मिड डे मील के तहत बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को कठिन विषय पर अध्ययन हेतु विशेष फोकस रखे। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से उनकी परीक्षाओं के पेपरों के बारे में फीडबैक लेकर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।

### एसआईआर कार्य की प्रगति की कि समीक्षा

उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में मालाखेडा परिक्षेत्र के भाग संख्या 91 से 265 तक के बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि एसआईआर के अंतर्गत शेष रहे गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाते हुए उन्हें दो दिवस में शत-प्रतिशत पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि उपखण्ड क्षेत्र के ऐसे आइडियल बीएलओ जिन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया है, उन्हें प्रोत्साहित करें तथा उनका उदाहरण देकर अन्य बीएलओ को शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य हेतु प्रोत्साहित करें। साथ ही आमजन को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर उन्हें गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में सहयोग करने हेतु प्रेरित करें।

### सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने मालाखेडा के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर रिकॉर्ड आदि की जांच कर उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय में रिकॉर्ड आदि का संधारण नियमित रूप से किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जीसीएमएस पोर्टल को अद्यतन करावे। उन्होंने ई-फाइलिंग पर जोर देते हुए कहा कि प्रयास करें कि कार्यालय में अधिकांश कार्य ई-फाइलिंग के माध्यम से सम्पादित किया जावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्राम कैरवाडी में पेयजल समस्या का यथाशीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उपखण्ड क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आदि की समस्या का क्षेत्रवासियों को सामना नहीं करना पडे इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर उसे अमल में लाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित रहे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि नियमित जनसुनवाई करने के साथ-साथ राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में निस्तारण कर फरियादी को अवगत करावे। साथ ही उपखण्ड क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। इस दौरान एसडीएम मालाखेडा नवज्योति कावरिया, समसा के एडीपीसी मनोज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संघ, एबीवीपी और भाजपा की तपस्या में तप रहे मुकेश दाधीच



## अब तक प्रदेश भाजपा के पांच अध्यक्षों की टीम के प्रमुख चेहरे रहे, अब तक का पूरा जीवन संघ और भाजपा को रहा समर्पित, विद्यार्थी परिषद को भी खड़ा करने में निभाई बड़ी भूमिका

*जयपुर टाइम्स/जयपुर(कासं.)। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के नसीब में विधायक या सांसद जैसा पद लिखा है या नहीं इस बड़े और अहम सवाल का जवाब तो ईश्वर के पास ही है ,लेकिन दाधीच के अब तक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालें तो उनका जीवन एक खुली किताब की तरह है जिसके हर पन्ने पर उनकी ओर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संघ और प्रदेश भाजपा के संगठन को गति और विस्तार देने के उनके उत्कृष्ट कारनामों की तस्वीर साफ झलकती है । प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही पार्टी जनों में कई बार यह चर्चा भी सुनने को मिली कि मुकेश दाधीच की आधी जवानी एबीपी संघ और भाजपा की सेवा में ही बीत गई है और शायद बाकी का जीवन भी उनका इसी तरह से भाजपा की सेवा में ही बीतेगा तभी तो वर्ष 2011 से लेकर अब तक प्रदेश भाजपा के जितने भी अध्यक्ष बने उनकी टीम के प्रमुख चेहरे बन रहे और पांच अध्यक्ष के साथ अब तक कार्य कर चुके हैं राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इन्हें फिर से पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर बरकरार रखा है झुंझुनू जिले के एक छोटे से गांव के एक साधारण से परिवार में जन्म लेने वाले दाधीच जो कभी एक श्रेष्ठ क्रिकेटर बनने का सपना देखा करते थे । क्रिकेटर तो नहीं बन पाए लेकिन भाजपा के कुशल रणनीति कारों की अग्रिम पंक्ति में जरूर नजर आते हैं भाजपा के संगठन को मजबूती और विस्तार देने में तो समर्पित भाव से पिछले 25 सालों से कार्य कर ही रहे हैं । साथ ही प्रदेश में संघ के प्रचारक की भूमिका में भी इनके कार्य काफी उत्कृष्ट रहे तथा राजस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में इनका अभूतपूर्व योगदान रहा जिसकी वजह से भाजपा और संघ दोनों की निगाहों में मुकेश दाधीच एक उत्कृष्ट कोटि के रणनीतिकार माने जाते हैं । शायद यही वजह है कि पिछले कई सालों से इन्हें राजस्थान भाजपा के संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जाती रही*

### क्रिकेटर बनने का टूटा सपना तो गजेंद्र सिंह ने दिया संबल, संघ से जुड़ने को किया प्रेरित

जानकार लोगों का कहना है कि मुकेश दाधीच स्कूल और कॉलेज के जमाने में क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी थे और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाना चाहते थे । एक अच्छा क्रिकेटर बनने का उनका सपना था लेकिन टीम में सिलेक्शन नहीं होने की वजह से उन्हें गहरा आघात लगा यह वर्ष 1988 का काल खंड था उस समय गजेंद्र सिंह झुंझुनू जिले में संघ का कार्य देखा करते थे । उनका झुंझुनू जिले में आना-जाना लगा रहता था और जिस जगह पर संघ की शाखाएं संचालित होती थी उस जगह पर क्रिकेट के प्रैक्टिस चला करती थी । दाधीच उस समय कॉलेज की छात्र राजनीति में भी जोरदार तरीके से सक्रिय रहा करते थे इसलिए उनकी गजेंद्र सिंह से अच्छा मेल मिलाप हो गया था इसलिए क्रिकेट की टीम में सिलेक्शन नहीं होने की वजह से दाधीच को हताश और उदास देखकर उन्होंने मुकेश दाधीच को सहारा दिया और सिंह ने एक ही निगाह में दाधीच के टैलेंट को परख लिया था यह उन्होंने दाधीच को संघ से जुड़ जाने को कहा जिस मैदान पर दाधीच क्रिकेट खेला करते थे वहीं पर संघ की शाखाएं लगा करती थी इसलिए संघ से जुड़े लोगों की कार्यशैली व्यवहार और राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रभक्त में उनके समर्पण भाव से दाधीच पहले से ही काफी प्रेरित थे । इसलिए उन्होंने गजेंद्र सिंह की बात को आत्मसात किया हालांकि दाधीच एक साधारण से परिवार से जुड़े थे उनके दो भाई और तीन बहन भी थी इसलिए आर्थिक स्थिति भी ज्यादा मजबूत नहीं थी लेकिन इसके बावजूद भी उनके माता-पिता ने विरोध नहीं किया और दाधीच को अपने विवेक और इच्छा से अपनी लाइफ के निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रखा इसके बाद गजेंद्र सिंह के कहने पर दाधीच संघ से जुड़ गए और इन्हें धौलपुर में संघ के प्रचारक की जिम्मेदारी दी गई इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन से भी यह जुड़े रहे इस तरह से 1990 से 92 तक धौलपुर और आसपास के जिलों में संघ के प्रचारक के रूप में तन मन से समर्पित भाव से कार्य किया और संघ के विस्तार को गति देते रहे ।

### टिकट काटने का अफसोस सिर्फ दो दिन रहा इसके बाद मन में किसी भी तरह के विरोधाभास का भाव नहीं आया

कहावत है जिसके हाथ की लकीर में राजयोग लिखा होता है उसे हर हाल में मिलता है क्योंकि चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनाव में या तो पारिवारिक पृष्ठभूमि से टिकट मिल जाता है और वह पारिवारिक पृष्ठभूमि की लोकप्रियता के दम पर विधानसभा और लोकसभा में पहुंच भी जाते हैं चाहे बाद में जनता अगले ही चुनाव में उन्हें भले ही नकार दे लेकिन एक बार तो विधायक या सांसद बनने का सौभाग्य मिल ही जाता है। कई ऐसे भी हैं जिनका राजनीति से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता जैसे बड़े-बड़े ब्यूरोक्रेट्स जो भाजपा और कांग्रेस में आज बड़े-बड़े राजनेता बने हुए हैं लेकिन अनेक ऐसे भी हैं जो पार्टी की सेवा में पूरा जीवन बिता देते हैं लेकिन उन्हें विधायक और सांसद बनने का सौभाग्य नहीं मिलता। यह सब ईश्वर का प्रारब्ध ही है जिसकी वजह से कड़ी मेहनत के बाद भी समर्पित और मेहनत करने वाले नेता अपने सपने और इच्छा को पूरी नहीं कर पाते इन्हीं में से एक मुकेश दाधीच भी हैं जिनका अब तक का पूरा जीवन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की सेवा में बीता लेकिन जीवन के 25 साल खपा देने के बाद भी अभी तक उन्हें राजस्थान विधानसभा या फिर लोकसभा में पहुंचने का अवसर नहीं मिला । हालांकि पार्टी ने उन्हें उनकी सेवा को देखते हुए उन्हें उनके संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की तैयारी में कहा भी इनका टिकट भी वर्ष 2006 में फाइनल भी हो गया था लेकिन किसी कारणवश इन्हें टिकट नहीं मिला हालांकि टिकट नहीं मिलने का इन्हें अफसोस हुआ लेकिन यह अफसोस सिर्फ 2 दिन तक ही हुआ बाद में ईश्वर की मेहरबानी बताकर सब कुछ भूल गए और पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने को ही अपना लक्ष्य रखा ।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को प्रदेश में खड़ा करने में दाधीच की बड़ी भूमिका रही

प्रदेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन को मजबूती प्रदान करने में मुकेश दाधीच की भूमिका काफी बड़ी मानी जाती है । प्रदेश के कॉलेज और विश्वविद्यालय में परिषद को छात्र-छात्राओं के बीच लोकप्रिय बनाने और परिषद के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में इनकी काफी अच्छी भूमिका रही मुकेश दाधीच वर्ष 1993 से 1998 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री और प्रदेश मंत्री दोनों पदों पर कार्य करते हुए प्रदेश के सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के संगठन को जबरदस्त तरीके से मजबूत किया उसी का नतीजा रहा की प्रदेश के उन कॉलेज और विश्वविद्यालय में जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संघ चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पता था उन कॉलेज और विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र छात्र संघ में चुने गए । यह उस समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी गई थी उन दिनों सुनील बंसल जो वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हैं उनके निर्देशन में राजस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ परिषद का तीव्र गति से प्रदेश भर में विस्तार किया जा रहा था दाधीच की कड़ी मेहनत और इन के समर्पित भाव से विद्यार्थी परिषद के कार्यों को गति देने के भाव को देखकर सुनील बंसल और परिषद के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी काफी प्रभावित थे । उस समय राजस्थान में भैरों सिंह शेखावत की सरकार थी और विद्यार्थी परिषद के अस्तित्व को बचाने के लिए जयपुर के स्टैचू सर्किल पर अखिल भारतीय विद्यार्थी की ओर से एक बड़ा आंदोलन शुरू किया गया जिसमें करीब 40000 परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई थी। इस ऐतिहासिक आंदोलन से पूरे प्रदेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक अच्छा माहौल बन गया था जिसका असर पूरे प्रदेश के कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में भी देखने को मिला जब कई जगहों पर परिषद ने छात्र संघ चुनाव में अच्छी सफलता हासिल की उन कॉलेज और विश्वविद्यालय में जहां परिषद का प्रदर्शन जीरो रहता था वहां भी परिषद में अच्छी सफलता हासिल की परिषद की इस बड़ी उपलब्धि में दाधीच की कड़ी मेहनत भी छुपी हुई थी जिसे परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी ने भी उस समय स्वीकार किया ।

### भाजपा युवा मोर्चा में भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, सतीश पूनिया के सहयोगी भी रहे

जानकारी के अनुसार मुकेश दाधीच भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा से वर्ष 1988 में ही जुड़ गए थे । जब युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर इनकी नियुक्ति हुई हालांकि बाद में इन्होंने अपना ज्यादा समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन को गति देने में बिताया लेकिन भारतीय जनता पार्टी से इनका कनेक्शन वर्ष 1988 में ही हो गया था बाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से खुद को अलग करने के बाद इन्होंने संघ और भाजपा को अपना पूरा समय देना शुरू किया वर्ष 2001 में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर सतीश पूनिया नियुक्ति हुए थे उस समय पूनिया ने अजमेर से भरतपुर तक पैदल यात्रा निकाली थी इस पैदल यात्रा की संपूर्ण जिम्मेदारी पूनिया ने मुकेश दाधीच को ही दी इस जिम्मेदारी को दाधीच ने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया और सतीश पूनिया की यह पैदल यात्रा उन दिनों काफी ऐतिहासिक मानी गई थी । बाद में वर्ष 2003 में प्रदेश में वसुंधरा राजे के नेतृत्व में सरकार का गठन होने के बाद मुकेश दाधीच को उपभोक्ता प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया यह भी अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी थी जिसको दादी ने अच्छी तरह से निभाया ।



### संगठन निर्माण में एक तरह से एमबीए की डिग्री हासिल कर ली है मुकेश दाधीच ने

*मुकेश दाधीच के अब तक के जीवन पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि इन्होंने अपने जीवन को एबीपी संघ और भाजपा को ही समर्पित किया हुआ रखा लंबे समय तक इन तीनों संगठनों की सेवा करने में ही बिताया अपने परिवार को ज्यादा समय नहीं दिया जबकि ऐसा भी नहीं है कि इनका जन्म किसी अमीर परिवार में हुआ हो लेकिन इसके बावजूद उन्होंने परिवार से ज्यादा भाजपा की संगठन को मजबूती देने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई भले ही इन्हें अभी तक विधानसभा या लोकसभा चुनाव का टिकट देने में पार्टी ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई हो लेकिन इन्होंने अब तक विद्यार्थी परिषद संघ और भाजपा के संगठन में जो कार्य किया है उसमें कहीं ना कहीं इन्होंने एक तरह से खुद को इस तरह से संगठन के मामलों में तैयार कर लिया है जैसे एक एमबीए की डिग्री हासिल करने वाला व्यक्ति किसी संस्थान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने की क्षमता रखता है ठीक इस तरह से संगठन के मामलों में दाधीच ने राजनीति में भी एक तरीके से एमबीए की डिग्री हासिल कर ली है शायद यही वजह है कि होने लगातार प्रदेश भाजपा के संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है ।*

## भजनलाल सरकार के पिछले 23 महीने के कार्य ऐतिहासिक

मीडिया से बातचीत के दौरान मुकेश दाधीच का कहना है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अब तक जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं ऐसे कार्य इतने कम समय में अब तक राजस्थान के इतिहास में कभी नहीं हुए उन्होंने कहा कि पानी के क्षेत्र में भजनलाल शर्मा ने अपने शासनकाल के पहले ही साल में जो कार्य किया उससे पूरे प्रदेश के लोगों को कुछ ही सालों में पानी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा । उन्होंने कहा कि चाहे देवास योजना, चाहे ईस्टर्न कैनल योजना हो, चाहे यमुना जल समझौता हो यह बड़े लंबे प्रोजेक्ट हैं जिनमें कार्य शुरू करने से पहले लंबा चौड़ा होमवर्क किया जाता है। डिजाइन बनाई जाती है इसलिए इस तरह के बड़े प्रोजेक्ट में समय लगता है लेकिन जब यह प्रोजेक्ट पूरे होंगे तो प्रदेश में कहीं भी पीने के पानी और खेती के पानी की समस्या नहीं रहेगी । इसलिए पानी के क्षेत्र में भजन लाल शर्मा ने जो कार्य किया वह अपने आप में ऐतिहासिक और अनूठा है इसी तरह से हर साल 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना सौर ऊर्जा में राजस्थान का पूरे देश में नंबर वन होना और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का खुले मंच से प्रदेश के सभी किसानों को जल्दी ही दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाना राइजिंग राजस्थान प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के माध्यम से प्रदेश में उद्योगों का माहौल बनाना प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगाना और प्रदेश की भजनलाल सरकार के शासनकाल में अब तक करीब डेढ़ दर्जन सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ इसमें एक भी परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ इसके अलावा पिछली गहलोत सरकार में पेपर लीक जैसे मामलों में 200 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार करना बड़े-बड़े लोगों की गिरफ्तारी करना यह सब कार्य प्रदेश की भजनलाल सरकार की मनसा को साफ दिख रहे हैं कि आने वाले 3 साल प्रदेश की तरक्की और प्रदेश के हर जाति और बिरादरी के लोगों के कल्याण और विकास के लिए कितने अच्छे साबित होने वाले हैं ।

## संघ तो आत्मा में बस गया लेकिन विद्यार्थी परिषद में कार्य करने के दौरान दिल दुखी भी हुआ

जानकारी के अनुसार मुकेश दाधीच ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कई सालों तक कार्य किया संघ से भी शुरू से ही जुड़े हुए हैं । लेकिन संघ में कार्य करने के दौरान उनके व्यक्तित्व विचारों और स्वभाव में एक तरफ जहां निखार आया है तो दूसरी तरफ अनुशासित जीवन शैली से मानसिक और शारीरिक रूप से काफी मजबूत हुए हैं जिससे जीवन में चाहे कितनी ही बड़ी-बड़ी कोई मुसीबत और कष्ट सामने आ जाता है तो उससे निपटने की शक्ति भी अपने आप ही शरीर में जागृत हो जाती है । इसलिए संघ में काम करने के दौरान संघ उनकी आत्मा में बस गया है लेकिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में लंबे समय तक कार्य करने के दौरान कई बार इनके जीवन में ऐसा भी अवसर आया जब परिषद में कार्य करने के दौरान इन्हें थोड़ी तकलीफ और दिल में कष्ट भी पहुंचा यह कष्ट उस समय पहुंच जब छात्र संघ चुनाव में टिकट वितरण के दौरान अगर कोई कार्य करता अच्छा प्रदर्शन करता है, मेहनती है लेकिन इसके बावजूद किसी कारणवश उस टिकट नहीं मिला तो फिर उस कार्यकर्ता के मन और दिल के भाव देखकर दाधीच को भी काफी कष्ट हुआ इसलिए कई कई बार ऐसा लगा कि अब परिषद को छोड़ देना चाहिए। वर्ष 1998 में इन्होंने अपने मन की पीड़ा परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी को भी बताई लेकिन उस समय परिषद के संगठन से जुड़े केंद्रीय नेताओं ने यह कहकर दाधीच को संतोष दिलाया कि परिषद की 50वीं जयंती के बाद परिषद को छोड़ने का मन बनाना इसके बाद दाधीच ने अपने परिवार जनों के कहने पर परिषद से खुद को दूर किया क्योंकि एक साधारण से परिवार में जन्म लेने वाले इंसान को परिवार की आवश्यकताओं के बारे में भी सोचा ही पड़ता है लेकिन भले ही परिषद से दाधीच ने किनारा कर लिया हो लेकिन संघ और भाजपा के संगठन को अब तक गति देने में जुटे हुए हैं ।

### वर्ष 2011 से अब तक राजस्थान भाजपा के प्रदेश संगठन में पांच अध्यक्षों के साथ किया कार्य

यह संगठन के मामलों में अच्छी जानकारी रखना और अपनी जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाने का ही परिणाम है कि वर्ष 2011 से लेकर अब तक मुकेश दाधीच ने राजस्थान भाजपा के पांच अध्यक्षों के साथ प्रदेश भाजपा के संगठन में कार्य किया इस दौरान राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष पद पर अलग-अलग नेताओं की तैनाती हुई लेकिन हर अध्यक्ष ने अपनी टीम में मुकेश दाधीच को बड़ी जिम्मेदारी दी जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री बनने से पहले 20 साल तक प्रदेश भाजपा में महामंत्री पद पर अपनी सेवा दी ठीक उसी तरह से मुकेश दाधीच ने भी प्रदेश भाजपा के संगठन में वर्ष 2011 से अलग-अलग पदों पर अपनी जिम्मेदारी को शानदार ढंग से निभाया। सतीश पूनिया सीपी जोशी मदनलाल शर्मा मदन राठौड़ अशोक परनामी इन सब नेताओं की टीम में मुकेश दाधीच ने बड़ी जिम्मेदारी निभाई और वर्तमान में भी मदन राठौड़ ने इन्हें इनके उपाध्यक्ष पद पर बरकरार रखा ।

### अयोध्या के राम मंदिर की कार सेवा में भी हुए शामिल, राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में अच्छी भूमिका निभाई

जानकारी के अनुसार मुकेश दाधीच जब धौलपुर में संघ का काम देख रहे थे उस दौरान ही अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का मामला पूरे देश में जोर-जोर से उठा हुआ था। हिंदूवादी संगठन और भारतीय जनता पार्टी की ओर से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए पूरे देश में जोरदार आंदोलन शुरू किया हुआ था उस समय संघ के कार्य क्षेत्र में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया जाना सुनिश्चित था इसलिए राम मंदिर के निर्माण में कार सेवकों में एक नाम मुकेश दाधीच का भी था धौलपुर और आसपास के जिलों में संघ के प्रचारक की भूमिका में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के दृष्टिकोण को भी एक प्रखर वक्ता के रूप में मुकेश दाधीच ने बहुत ही शानदार तरीके से स्वयंसेवकों के और लोगों के समक्ष रखा तथा अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाई । मुकेश दाधीच के जीवन का यह वह समय था जब वे स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दोनों के संगठन से जुड़े हुए थे और इन दोनों ही संगठनों को गति और विस्तार देने में पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे थे यह एक ऐसा समय था जब हर कोई पढ़ा लिखा युवक अपने भविष्य को संवारने के लिए एक अच्छी नौकरी को हासिल करने का प्रयास करता है लेकिन दाधीच अपने और अपने परिवार की चिंता किए बिना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ की सेवा कर रहे थे ।

# बेलगाम होती भाषाई अराजकता



> *राजनीतिक कुचक्रों के चलते हिंदी राष्ट्रभाषा के स्थान पर आसीन नहीं हो सकी, लेकिन उसकी सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं। कई क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतें हिंदी से भयाक्रांत हैं, जबकि हिंदी के विस्तार के पीछे राजभाषा की ताकत नहीं, बल्कि उसका अभिव्यक्ति का सशक्त जरिया बनना है। चूंकि हिंदी भारतीय भाषाओं के बीच सहज संवाद की क्षमता से युक्त है, इसलिए संकीर्णता से ग्रस्त क्षेत्रीय सियासी ताकतें उससे डरती हैं। हिंदी के जरिये उन्हें अपनी सियासी अस्मिता खतरे में नजर आती है। इसीलिए ये ताकतें हिंदीभाषियों को निशाना बनाती हैं। इसमें सबसे आगे राज ठाकरे और उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना है। राज जब-जब हाशिए की ओर जाते दिखते हैं, भाषाई अराजकता उनका हथियार बन जाती है। अव्वल तो आजादी के 75 सालों में भारतीय अस्मिता की बात होनी चाहिए, लेकिन मौजूदा राजनीति ने उपराष्ट्रीयताओं के साथ बांग्ला, मराठी, कन्नड़,*

इसे विडंबना ही कहेंगे कि जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और विकसित भारत की बातें हो रही हैं, तब देश के कुछ हिस्सों में भाषाई अराजकता बेलगाम हो रही है। मान्यता है कि शिक्षा और समृद्धि के साथ असमानता और संकीर्णता का भाव तिरोहित हो जाता है, लेकिन अपेक्षाकृत समृद्ध और शिक्षित महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में जिस तरह भाषाई असहिष्णुता फैल रही है, उससे यह मान्यता गलत साबित होती दिख रही है। ताजा मामला महाराष्ट्र के कल्याण का है, जहां एक नौजवान ने इसलिए अपनी जीवनलीला खत्म कर ली, क्योंकि उसे हिंदी बोलने के लिए अपमानित किया गया। लोकल ट्रेन से कालेज जाते वक्त सहयात्री से संवाद के लिए हिंदी के कुछ लफ्जों का इस्तेमाल कुछ मराठीभाषियों को इतना नागवार गुजरा, उन्होंने उस पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। इससे आहत नौजवान ने घर लौटकर आत्महत्या कर ली। यह नौजवान मराठीभाषी ही था। क्या हिंदी बोलना इतना बड़ा गुनाह हो गया कि किसी को सरेआम अपमानित किया जाए, पीटा जाए। इस आघातकारी मामले में राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की चुप्पी समस्या बनकर उभर रही है। ये संगठन भूल जाते हैं कि राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने की हिंदी की क्षमता जिन लोगों ने पहचानी, उनमें गुजराती भाषी महात्मा गांधी एवं नर्मदाशंकर उपाध्याय, बांग्लाभाषी केशवचंद्र सेन एवं सुभाष चंद्र बोस और मराठा लोकमान्य तिलक जैसे अनेक अहिंदी भाषी थे। इन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा और राजभाषा बनाने का सपना देखा था। राजनीतिक कुचक्रों के चलते हिंदी राष्ट्रभाषा के स्थान पर आसीन नहीं हो सकी, लेकिन उसकी सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं। कई क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतें हिंदी से भयाक्रांत हैं, जबकि हिंदी के विस्तार के पीछे राजभाषा की ताकत नहीं, बल्कि उसका अभिव्यक्ति का सशक्त जरिया बनना है। चूंकि हिंदी भारतीय भाषाओं के बीच सहज संवाद की क्षमता से युक्त है, इसलिए संकीर्णता से ग्रस्त क्षेत्रीय सियासी ताकतें उससे डरती हैं। हिंदी के जरिये उन्हें अपनी सियासी अस्मिता खतरे में नजर आती है। इसीलिए ये ताकतें हिंदीभाषियों को निशाना बनाती हैं। इसमें सबसे आगे राज ठाकरे और उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना है। राज जब-जब हाशिए की ओर जाते दिखते हैं, भाषाई अराजकता उनका हथियार बन जाती है। अव्वल तो आजादी के 75 सालों में भारतीय अस्मिता की बात होनी चाहिए, लेकिन मौजूदा राजनीति ने उपराष्ट्रीयताओं के साथ बांग्ला, मराठी, कन्नड़, तमिल जैसी खंडित अवधारणाएं प्रस्तुत कर दी हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों के लिए इन दिनों अपनी भाषा का सवाल उठाना चुनावी सफलता की गारंटी माना जाने लगा है। महाराष्ट्र की राजनीति में अस्तित्व के संकट से जूझ रहे ठाकरे बंधु राज ठाकरे और उद्धव साथ आ चुके हैं। बाला साहेब के सियासी उत्तराधिकारी माने जाते रहे राज को खास सियासी कामयाबी नहीं मिली। लिहाजा राजनीतिक रूप से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनके हाथ में एक ही औजार है, मराठी के नाम पर गैर मराठीभाषियों को प्रताड़ित करना। राज ऐसा करके बाला साहेब की विरासत को आगे बढ़ाने का भ्रम पाले हैं। सवाल उठता है कि जिस हिंदी सिनेमा के लिए मुंबई जानी जाती है, राज ठाकरे और उनके लोग उस बालीवुड को क्यों नहीं मुंबई से खदेड़ देते? बालीवुड महाराष्ट्र की न सिर्फ वैश्विक पहचान है, बल्कि रोजी-रोटी के साथ ही टैक्स का बड़ा जरिया भी है। राज ठाकरे की मराठी अस्मिता की वीरता कमजोर हिंदीभाषियों पर ही फूटती है। भाषाई अराजकता के पीछे स्थानीय भाषाई स्वाभिमान से ज्यादा सियासी नाकामी से उपजी कुंठा है। बाल ठाकरे की राजनीति का उभार पहले दक्षिण भारतीय लोगों के विरोध की बुनियाद पर हुआ। उनकी विरासत से वंचित राज ठाकरे को खुद को स्थापित करने के लिए पुराना हथकंडा ही नजर आया। महाराष्ट्र की तर्ज पर कर्नाटक में भी भाषाई अराजकता को बढ़ावा देने की कोशिश होती रहती है। तमिलनाडु में भाषाई अराजकता की नींव तो 1913 में ही पड़ गई थी, जब कथित ब्राह्मणवाद और उत्तर भारत विरोध के नाम पर जस्टिस पार्टी की स्थापना हुई। इसी पार्टी के जरिये रामास्वामी पेरियार का उभार हुआ, जिन्होंने द्रविड़ आंदोलन की नींव डाली। तमिल राजनीति में डीएमके की जड़ें मजबूत करने में हिंदी विरोधी आंदोलन की केंद्रीय भूमिका रही। इसी वजह से मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि कभी हिंदी का विरोध करते हैं तो कभी संस्कृत को मृत भाषा बताकर गर्व महसूस करते हैं। कर्नाटक में कर्नाटक रक्षणा वेदिके भी डीएमके की तर्ज पर भाषाई अराजकता का हथकंडा अपनाती है। अतीत के अराजक भाषा विरोधी आंदोलन हों या मौजूदा हिंदी विरोधी बयान, कांग्रेस आम तौर पर मूकदर्शक की भूमिका में रही है। आज कांग्रेस महाराष्ट्र में उसी महागठबंधन का हिस्सा है, जिसका एक प्रमुख घटक शिवसेना का उद्धव गुट है।

सम्पादकीय

## पुलिस हिरासत में 669 मौतें... थानों में क्रूरता



पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में हिरासत में मौत की घटनाओं का मसला चिंताजनक रूप से उभर कर सामने आया है। जांच एजंसियों का काम आपराधिक मामलों में आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाना है। दोष साबित करने के लिए सबूत जुटाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होती है। ऐसे में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करना जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। मगर इस दौरान आरोपी की सुरक्षा का दायित्व भी संबंधित जांच एजंसी का ही होता है। सवाल है कि अगर पुलिस या अन्य जांच एजंसियां अपने इस दायित्व को सही तरीके से निभा रही हैं, तो आए दिन हिरासत में मौत के मामले क्यों सामने आ रहे हैं? जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता क्यों नहीं बरती जा रही है। जाहिर है कि इस मामले में कहीं न कहीं लापरवाही और मनमानी की जा रही है, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने राजस्थान में आठ माह के भीतर पुलिस हिरासत में ग्यारह लोगों की मौत हो जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि हिरासत में हिंसा एवं मौत व्यवस्था पर एक धब्बा है और देश अब इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सच है कि लोग जांच एजंसियों पर कम और न्यायपालिका पर ज्यादा भरोसा करते हैं। मगर न्याय प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही अगर किसी आरोपी की हिरासत में मौत हो जाती है, तो निश्चित रूप से न्याय की भावना को चोट पहुंचती है। सर्वोच्च न्यायालय ने मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए वर्ष 2018 और 2020 में अलग-अलग आदेशों में पुलिस थानों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और राष्ट्रीय जांच एजंसी सहित अन्य जांच एजंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे तथा रिकार्डिंग उपकरण लगाने को कहा था। इस व्यवस्था से जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता आना स्वाभाविक था, लेकिन इस पर अमल करने में भी कई स्तरों पर कोताही बरती जा रही है। कई पुलिस थानों में सीसीटीवी न लगे होने या उनके बंद होने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि जांच एजंसियां हिरासत में मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने इस मसले पर भी संज्ञान लिया है और अब तक अनुपालन हलफनामे दाखिल नहीं करने वाले राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को इसके लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2017-2022 तक पांच वर्षों में देश भर में पुलिस हिरासत में 669 लोगों की मौत हुई। यह स्थिति पुलिस हिरासत में लोगों की सुरक्षा को लेकर वास्तव में गंभीर चिंता पैदा करने वाली है। इस तरह के मामलों में शारीरिक प्रताड़ना, जरूरी चिकित्सा सेवाएं मुहैया न कराना या आत्महत्या जैसे कारण हो सकते हैं। नियमानुसार किसी भी मामले की जांच के दौरान मानवाधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए, लेकिन इस तरह की शिकायतें आए दिन सामने आती रही हैं। ऐसे में इस बात पर गौर करना जरूरी है कि हिरासत में मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सिर्फ न्यायालय की नहीं है,

## अर्थव्यवस्था को गति देने वाला कदम



चार नई श्रम संहिताओं पर अमल समय की मांग को पूरी करने वाली एक बड़ी पहल है। इससे पहले की व्यवस्था में नियोक्ताओं को वेतन, कार्य स्थितियों और रोजगार श्रेणियों को असंगत तरीकों से परिभाषित करने वाले 29 अलग-अलग कानूनों का पालन करना पड़ता था। उनके स्थान पर नई संहिताओं में कानूनों को सुगम बनाया गया है। ये संहिताएं राज्यों में समान परिभाषाएं, सभी श्रमिकों के लिए लिखित नियुक्ति पत्र, समय पर वेतन भुगतान के लिए स्पष्ट नियम, गिग-प्लेटफार्म श्रमिकों की मान्यता, अद्यतन स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के साथ ही एक सरल राष्ट्रीय अनुपालन संरचना की रूपरेखा तैयार करती हैं। पुरानी व्यवस्था में अस्पष्ट परिभाषाएं, सीमाओं में दखल और राज्यों के स्तर पर भिन्नताओं से कंपनियों को तमाम अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ता था। किसी राज्य में प्रवेश से पहले कंपनी के समक्ष नए सिरे से अनुपालन की सिरदर्दी बढ़ जाती थी। इसके चलते विनिर्माण और लाजिस्टिक्स कंपनियों का विस्तार सीमित ही रहा। नई संहिताओं में अनिश्चितताओं को दूर किया गया है। स्पष्ट एवं एकसमान परिभाषाएं, पंजीकरण और रिटर्न की एकल प्रणाली, विस्तार के लिए नियामकीय परिदृश्य में सुसंगति इनके मूल में हैं। ये सुधार कारोबारी सुगमता बढ़ाते हैं। स्मरण रहे कि किसी देश की नियामकीय गुणवत्ता केवल सुधारों से ही नहीं, बल्कि नियमों के पूर्वानुमान से भी आंकी जाती है। जब कंपनियां कानूनी जटिलताओं से मुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियों को समझती हैं तो अनुपालन भी आसान एवं नियमित हो जाता है। तब निवेश निर्णय से लेकर सब्सिडी को लक्षित करना कही बेहतर हो जाता है। जोखिम घटने से काराबोरी परिवेश के प्रति भरोसा बढ़ता है। आर्थिक दृष्टिकोण से यह परिवर्तन औपचारिक या संगठित रोजगारों को प्रोत्साहन देता है। नियुक्ति पत्र, स्पष्ट वेतन दायित्व और समन्वित श्रेणियां उन अनिश्चितताओं को दूर करती हैं, जो पहले अनौपचारिक रोजगारों को जारी रखने की गुंजाइश देती थीं। याद रहे कि रोजगारों की औपचारिक प्रवृत्ति उत्पादन को बढ़ाने में भी सहायक बनती है। दस्तावेजीय अनुबंध और वेतन चक्र को लेकर सुनिश्चित होने से श्रमिक न केवल अधिक समय तक कार्य करने को लेकर तैयार रहते हैं, बल्कि नए कौशल सीखने के प्रति तत्पर होकर अपनी कुशलता बढ़ाने को भी प्रेरित होते हैं। अंततः इसका लाभ कंपनियों के लिए कार्यबल की क्षमताओं में सुधार और समग्र परिणामों में प्रत्यक्ष होता है। ये परिवर्तन भी किसी जबरन तरीके के बजाय संगठित एवं संस्थागत माध्यम से श्रम बाजार की दक्षता को बढ़ाते हैं। भारतीय श्रम बाजार स्थापित कानूनों की तुलना में कहीं तेजी से विकसित हुआ है। शहरी सेवाओं का बड़ा हिस्सा अब प्लेटफार्म आधारित कार्यों से संचालित हो रहा है। यह नई व्यवस्था पुराने कानूनों में फिट नहीं हो पा रही थी। ऐसे में इन श्रमिकों को मान्यता देकर और उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए नई राहें खोलकर एक बड़े अंतर की भरपाई की गई है। एक बेहतर श्रम बाजार वही होता है, जो नवाचार से किनारा करने के बजाय नई आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालकर नए कार्यों को मान्यता प्रदान करने को प्राथमिकता दे। कामकाजी आबादी में महिलाओं की भागीदारी को भी नई श्रम संहिताओं से मदद मिलेगी। पुराने कानून नाइट शिफ्ट में महिलाओं के कामकाज को बाधित कर उनके समक्ष विकल्प सीमित करते थे। उनके लिए उचित सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ भागीदारी की अनुमति देना एक अधिक समावेशी श्रम आपूर्ति का आधार तैयार करता है। वैश्विक उदाहरण इसके प्रमाण हैं कि श्रम बल में महिलाओं की ऊंची भागीदारी वाली अर्थव्यवस्थाएं कहीं अधिक लचीली, विविधतापूर्ण और व्यापक रूप से उत्पादक होती हैं। यह भी अक्सर देखने को मिलता है कि नियमों में जटिलता और अनुपालन लागत का बढ़ना निवेश के प्रति कंपनियों को उदासीन बनाता है। वे विस्तार को टालती हैं। इससे भर्तियों पर भी असर पड़ता है। इस कड़ी में नई संहिताओं के माध्यम से स्पष्ट नियमों और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से कई बाधाएं दूर हुई हैं। एकल लाइसेंस एकल राष्ट्रीय रिटर्न और सुव्यवस्थित पंजीकरण प्रशासनिक हीलाहवाली को दूर करते हैं। श्रम नियमन किसी देश की संस्थागत अवसंरचना का हिस्सा है। इनका विरूपित, अस्पष्ट या असमान रूप से लागू होना कंपनियों को रक्षात्मक बनाता है। इसके चलते वे अतिरिक्त सतर्कता का सहारा लेती हैं। नियमन के सुसंगत, सुस्पष्ट एवं पूर्वानुमानित होने से कंपनियों की आकांक्षाएं परवान चढ़ती हैं। इस संदर्भ में नई श्रम संहिताएं सकारात्मक संकेत करती हैं। वे जटिलताओं के जाले हटाने, प्रोत्साहन को नए सिरे से आगे बढ़ाने और टकराव के बिंदुओं को घटाने का काम करती हैं। सम्मिलित रूप में ये परिवर्तन विकास की गति को बढ़ावा देने का काम करते हैं। हालांकि किसी भी सुधार के माध्यम से अभीष्ट की प्राप्ति तभी संभव है,

## आवश्यक कार्य में अड़ंगा, एसआईआर का विरोध

> यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों का उदाहरण नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर उन्हें मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं। यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं।




यह सही है कि चुनाव आयोग को किसी की नागरिकता जांचने का अधिकार नहीं, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि वह उन दस्तावेजों का सत्यापन ही न करे, जो एसआईआर की प्रक्रिया के तहत उसे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह सही समय है कि सुप्रीम कोर्ट गृह मंत्रालय को राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के जरिये नागरिकता जांचने का आदेश दे। यदि यह काम नहीं किया जाता तो घुसपैठिए फर्जी दस्तावेजों के जरिये भारत के मतदाता बनते ही रहेंगे। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में जैसे तर्क दिए जा रहे हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से इस आवश्यक प्रक्रिया में अड़ंगा लगाने की कोशिश हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों का उदाहरण नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर उन्हें मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं। यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग को दस्तावेजों की सत्यता जांचने का अधिकार है। उसे यह अधिकार मिलना ही चाहिए, क्योंकि यह एक तथ्य है कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे मतदाता पहचान पत्र से लेकर आधार तक हासिल कर लिए गए हैं। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए। यह सही है कि चुनाव आयोग को किसी की नागरिकता जांचने का अधिकार नहीं, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि वह उन दस्तावेजों का सत्यापन ही न करे, जो एसआईआर की प्रक्रिया के तहत उसे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने अवैध गैस रीफिलिंग पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'ऑपरेशन प्रवर्तन - सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऑपरेशन प्रवर्तन के अंतर्गत नवम्बर माह में की गई कार्यवाहियों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें कुल 29 कार्रवाइयाँ, 939 गैस सिलेंडरों की जब्ती, तथा 22 प्राथमिकी दर्ज होना शामिल है। जिला कलेक्टर डॉ. सोनी ने तीनों तेल कंपनियों को निर्देशित किया कि गैस सिलेंडर की उपभोक्ता डिलीवरी शत-प्रतिशत ओटीपी आधारित सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं एनएफएसए लाभार्थियों की निगरानी प्रभावी हो सके और किसी भी दुरुपयोग को रोका जा सके। प्रवर्तन निरीक्षकों व अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियतकालिक औचक निरीक्षण करते हुए अवैध रीफिलिंग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा डिवीजनवार मासिक रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सिलेंडर ट्रैकिंग सिस्टम को और मजबूत कर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आसूचना इनपुट के आधार पर अवैध गैस रीफिलिंग स्थलों को चिह्नित कर उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गैस एजेंसियों से परिवाहित वाहनों पर एजेंसी के नाम सहित अधिकृत ब्रांडिंग अनिवार्य करने को कहा गया, ताकि फर्जी एवं वैध वाहनों की पहचान सरलता से हो सके। सड़क किनारे गैस सिलेंडरों की अनधिकृत डंपिंग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। साथ ही, घनी आबादी में संचालित गैस गोदामों को नियमानुसार परिधीय क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) युगांतर शर्मा, जिला रसद अधिकारी (शहर) प्रियव्रत सिंह चारण, आईओसी के उप महाप्रबंधक मनोहर रॉय, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल सेठ, भारत पेट्रोलियम के राज्य प्रमुख बिमलेंदु मंडल सहित तीनों तेल कंपनियों के विक्रय प्रबंधक, पुलिस कमिश्नरेट के उपायुक्त (पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण), उपनिदेशक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा तथा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी प्रवर्तन निरीक्षक/अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिभाषक परिषद के चुनाव को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस.)।** अभिभाषक परिषद् की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष सुमित जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से चुनाव 8 दिसंबर को करवाने का निर्णय लिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर एवं सहायक चुनाव अधिकारी संजय धाकड़ को नियुक्त किया गया। मतदाता सूची का प्रकाशन 3 दिसम्बर को होगा। इस अवसर पर एडवोकेट लक्ष्मी लाल सुराणा, जगदीश धाकड, घनश्याम धाकड़, मुकेश धाकड़, परवेज आलम, सुनील बाकलीवाल, अनिल कुमार धाकड़, सुनील जोशी, शीला तंवर रामफूल धाकड़,जसवंत सिंह सोलंकी, प्रदीप कुमार शर्मा, दीपक कुमार मीणा, मनीष कुमार धाकड़, गौरव शर्मा, सुनील स्वर्णकार, कपिल धाकड़ और ललिता सुवालका मौजूद रहे।

## भाटीपुरा में युवक की निर्मम हत्या, मेघा हाइवे किनारे मिला लहूलुहान शव

जयपुर टाइम्स



**नावा सिटी(निस.)।** डीडवाना जिले के नावां शहर में गुरुवार रात एक दर्दनाक हत्या की वारदात सामने आई। भाटीपुरा स्थित मुख्य मेघा हाइवे के पास शराब ठेके के नजदीक एक युवक का लहूलुहान शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दानाराम (40) पुत्र भोपालराम गुर्जर, निवासी भाटीपुरा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को लेकर रात में ही नावां उपजिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर नावा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मौका-मुआयना शुरू किया। सीआई नंदलाल चौधरीव सीओ मुकेश चौधरी ने मौके का गहन निरीक्षण किया तथा आसपास के इलाके में साक्ष्य जुटाए। सूत्रों के अनुसार, हत्या के मामले में संदेह के आधार पर दो युवकों को डिटेन किया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस रात से ही मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस विभिन्न कोणों से जांच आगे बढ़ा रही है। इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## कन्या महाविद्यालय फुलेरा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

### छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता बढ़ाने की पहल

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा** राजकीय कन्या महाविद्यालय सांभर में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत द्वितीय बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन आज राजकीय कन्या महाविद्यालय फुलेरा में उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के निर्देशन में संचालित यह 24 दिवसीय प्रशिक्षण पहल छात्राओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। पुलिस विभाग से उपस्थित महिला कांस्टेबल सुमन ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश देते हुए प्रशिक्षण की प्रारंभिक तकनीकों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि हर लड़की को आत्मरक्षा के गुर सीखना समय की मांग है। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. कुरैशी ने कहा कि 'महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण आज की सर्वोच्च आवश्यकता है। आत्मरक्षा केवल शारीरिक तकनीक नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।' महाविद्यालय इंचार्ज डॉ. राय ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया और प्रसिद्ध पंक्ति उद्धृत की 'खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी।' उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का अनूठा अवसर है। कार्यक्रम संयोजक समीक्षा शर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की और छात्राओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ, जहाँ छात्राओं ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रति विशेष उत्सुकता दिखाई।

## भारतीय किसान संघ भानीपुरा की बैठक आयोजित, किसानों के अनेक मुद्दों को लेकर बनी रणनीति



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय किसान संघ भानीपुरा की बैठक तहसील अध्यक्ष शैतान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सम्भाग सदस्य मामराज तर्ड, मंत्री रामलाल पुरोहित, गौ सेवा प्रमुख रेवन्तनाथ सारण, उपाध्यक्ष फुलाराम डूडी भींयासर, विष्णु पारीक रामसीसर, जीवणराम बेनीवाल मालकसर, महावीर भादू, भंवरलाल भादू मालकसर, हडमानाराम मेघवाल, प्रेमनाथ सिद्ध राजासर पंवरान, केशरदेव हुडा भानीपुरा, भागुनाथ, सुजाननाथ, मालनाथ बादड़िया, दीपाराम लूहार जैतसीसर, रामूसिंह हालासर, 2 दिसम्बर से कानूता सुजानगढ़ से भगवान बलराम किसान जागृती यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें मुख्य मांग चूरु जिले में हर खेत में पानी व हर को खेत रास्ता अभियान, बिजली, डीएपी, चूरू जिले में बीमा सहित मांगो को उठाया जाएगा। किसान से मांग जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, प्लास्टिक मुक्त गांव इन मांगों के संदर्भ में बैठक का आयोजन कर पूरे जिले में हर ग्राम पंचायत पर यात्रा का आगाज एवं 8 मार्च को जिला कार्यालय पर महापड़ाव का किसान संघ द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया।

## 2 दिसंबर को जिला परिषद सभागार में होगा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की पहल

### पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व पर होगी चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसके निहितार्थों एवं अनुभवजन्य स्थिति का समसामयिक एवं प्रमाण आधारित अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग द्वारा स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संबंधी अनुशंसाएं निर्धारित समय में राज्य सरकार को प्रस्तुत की जानी है। आयोग द्वारा जयपुर जिला हेतु एक विचार एवं चर्चा कार्यक्रम (जन संवाद कार्यक्रम) का आयोजन जयपुर जिला परिषद सभागार में मंगलवार, दिनांक 02 दिसंबर 2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया को नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त कविता चौधरी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेनि.) मदनलाल भाटी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर स्थानीय प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं संबंधित हितधारकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, ताकि आयोग को अनुभवजन्य तथ्य एवं व्यावहारिक सुझाव प्राप्त हो सकें। उन्होने बताया कि इस अध्ययन और संवाद प्रक्रिया के माध्यम से ओबीसी समुदाय की वास्तविक स्थितियों, चुनौतियों एवं प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों को वैज्ञानिक तरीके से समझने में सहायता मिलेगी, जिससे आयोग अपनी अनुशंसाएँ और अधिक सटीक एवं प्रभावी रूप में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रतिनिधियों और संबंधित नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

## नावां के वार्ड 4 में कीचड़ से जनजीवन प्रभावित, हादसों का खतरा बढ़ा

जयपुर टाइम्स



**नावा(निस.)।** नावां शहर के वार्ड नंबर 4 स्थित शनि महाराज के मंदिर के पास कॉलोनी की मुख्य सड़क पर फैला कीचड़ स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। सड़क की बदहाल स्थिति इस हद तक पहुँच चुकी है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण समस्या दिनों-दिन विकराल रूप ले रही है। यह मार्ग नावा-कुचामन को जोड़ने वाला मुख्य सड़क मार्ग है, जिस पर रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद नगर पालिका कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मुख्य सड़क पर फैला कीचड़ और गंदगी साफ तौर पर व्यवस्थाओं की पोल खोल रहे हैं। बारिश होने या नाले के भर जाने पर हालात और अधिक बिगड़ जाते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह से दूषित पानी और दलदल में बदल जाती है। वार्ड निवासी प्रकाश कुमावत ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज करवाई गईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नाले का गंदा पानी लगातार सड़क पर फैलता है, जिससे घरों के आसपास बदबू और अस्वच्छ वातावरण बना हुआ है। इससे मलेरिया, डेंगू सहित मौसमी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है और बच्चों व बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी

## नावा में बजरी माफिया का बोलबाला ,अवैध गीली लकड़ी पर पुलिस सख्त लेकिन अवैध बजरी पर कार्यवाही के नाम पर मस्त

जयपुर टाइम्स



**नावा(कास.)** । डीडवाना-कुचामन जिले के उपखंड मुख्यालय नावा में बजरी माफिया का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। हर रोज रात्रि 8 बजे के बाद बजरी से भरे डंपर तेज रफ्तार से गुजरते हैं और पूरे क्षेत्र को अपने अवैध परिवहन का सुरक्षित रास्ता मान चुके हैं। चिंता की बात यह है कि यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई शून्य दिखाई दे रही है। इन डंपरों की रफ्तार इतनी खतरनाक होती है कि सामने कोई वाहन, बाइक या पैदल व्यक्ति दिख जाए तो भी ये रुकना तो दूर, गति धीमी करना भी जरूरी नहीं समझते। रात के अंधेरे में ये वाहन मानो सड़क पर 'राज' कर रहे हों। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन की ओर से न तो कोई चेकिंग होती है और न ही गश्त का कोई असर दिखाई देता है। नावा रात होते ही बजरी माफिया का नया अड्डा बन जाता है। यह डंपर बिना किसी रोक-टोक के निकलते हैं, जिन्हें देखकर आमजन घबरा जाते हैं, मगर मजे की बात यह है कि गश्त कर रही पुलिस की गाड़ियों को ये डंपर जैसे दिखाई ही नहीं देते। कई लोग तो यह तक कह रहे हैं कि शायद पुलिस इन्हें देखना ही नहीं चाहती, या फिर देखने के बावजूद भी अनदेखा करना ही नीतिगत निर्णय बन चुका है। जब पुलिस के सामने ही कोई नियम नहीं टूटता दिखाई देता, तो आम आदमी न्याय की उम्मीद किससे करे। बजरी माफिया के ड्राइवर लोगों से इस कदर तमक कर बात करते हैं कि कोई सवाल पूछने की हिम्मत भी नहीं कर पाता। रात के समय सड़क पर निकलने वाले हर व्यक्ति को डर सताता है कि कहीं तेज रफ्तार डंपर उनकी जिंदगी न कुचल दें। इससे नावा कस्बे में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। जब अवैध बजरी परिवहन का सच जानने मीडिया टीम शहर के बाईपास सड़क पर पहुची ओर कवरेज करना चाह तो बजरी डम्पर चालक ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा देख लेंगे,हमारा कुछ नही होगा इन वीडियो बनाने से। प्रशासन की लापरवाही और पुलिस की मौन भूमिका से बजरी माफिया के हौसले बढ़ रहे हैं। यदि इसी तरह चलता रहा, तो क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन का नेटवर्क और मजबूत होगा, जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ना तय है। नावा से निकलने वाले अवैध बजरी के डंपरों को एस्कॉर्ट करने वाली लग्जरी गाड़िया भी खाखड़की चौराहे ,पुराने बस स्टैंड, साम्भर चौराहे पर खड़ी रहती है और वो सभी पुलिस की नजर में होते हुए भी कार्यवाही नही की जाती है। सरकार की अवैध कारोबार व अपराध के ख़िलाप जीरो टॉलरेंस नीति का नावा में खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़े हादसे, बढ़ते अपराध और सड़क सुरक्षा की भारी कीमत पूरे क्षेत्र को चुकानी पड़ेगी

## गौ माता भरपूर औषधीयगुणों की श्रृंगारः कुशाल सिंह मेड़तिया

### गौ सेवा के लिए आगे आए भामाशाह मेड़तिया ' दान भेट कर गौ भक्तों को आगे आने का आव्हान किया

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर।** गौ माता सिर्फ पूजनीय हि नहीं,बल्कि भारत में भरपूर औषधीयगुणों की श्रृंगार है। इसके कई उदाहरण मिशाल साबित हुए हैं। यह बात गौ भक्त एवं भामाशाह कुशाल सिंह मेड़तिया बोलागुडा ने कही। उन्होंने बताया कि गौ माता की हर वस्तु जिसमें गोबर से लेकर गोमूत्र तक औषधि के रूप में उपयोगी साबित हुई है। गोमूत्र कई बड़ी-बड़ी बीमारियों का रामबाण उपाय है। साथ ही गाय के गोबर से उपले,अगरबत्ती,गैस,खाद्य इत्यादि काम में लिया जाता है। कुशाल सिंह मेड़तिया ने श्री राम गौशाला कोलीवाडा में गायों की सेवा के लिए 1.02 लाख रुपए दान स्वरूपी भेंट किया,और दान कर सभी गो भक्तों से आव्हान किया कि आप भी आगे आए और गौ माता की सेवा का पुण्य लाभ ले। उन्होंने कहा कि एक दिन सब कुछ छोड़कर चले जाएंगे, कोई संग चलने वाला नहीं है,सिर्फ आपका कर्म और धर्म ही साथ आएगा। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौ शाला समिति के सचिव भंवरलाल परमार की प्रेरणा से गौ भक्त कुशाल सिंह मेड़तिया ने पालनहार योजना में दो गौ माता के पालनहार हेतु 1.02 लाख गायों की सेवा के लिए भेट किया। वही श्री राम गौ शाला के सलाहकार समिति के सदस्य मदनलाल सुन्देशा ( चैन्नई ) द्वारा उनके सुपुत्र रणजीत के जन्मदिन के अवसर पर 11000 रुपए- की राशि गौ शाला को भेंट कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। अध्यक्ष सांखला के साथ गौशाला के सहयोगी सुभाष कच्छवाहा,मांगीलाल परमार, त्रिभुवन सिंह हेमावास सहित सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने इस पर दोनों भामाशाहो का दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट कर गर्मजोशी से स्वागत किया,और हृदय के साथ बहुत-बहुत आभार व साधुवाद दिया है। साथ ही ईश्वर से सदैव स्वस्थ प्रसन्न एवं दीर्घायु रखने की कामना की । व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि कुशाल सिंह मेड़तिया बोडागुड़ा सुमेरपुर में एक निजी होटल के एमडी है,और गौ भक्त भी हैं। कुमावत ने कहा कि अब तक भामाशाहों की ओर से मिला दान,गायों की देखभाल में सुविधा मिलेगी। अध्यक्ष सांखला ने कहा कि गौ सेवा के लिए कोलीवाडा रोड पर स्थित श्री राम गौशाला सेवा समिति के विकास कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने बताया कि यह धनराशि गौशाला में रह रही गौ माताओं की देखभाल और सुविधाओं के विकास में खर्च की जाएगी। इस अवसर पर गौशाला सेवा समिति के समस्त सदस्यों ने दोनों भामाशाहों का आभार जताया।

## भगवान नाम-जप से ही कलियुग में मिलेगा भव-सागर से पारः रणवीर भाई शेखावत

**रतनगढ़।** तहसील के ग्राम पायली स्थित ओम बन्ना धाम में चल रहे 13वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन शुक्रवार को हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर कथा वाचक रणवीर भाई शेखावत (शेखावाटी वाले) ने भगवान के नाम-जप की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का जप करने से मन और आत्मा शुद्ध होती है तथा व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नाम-स्मरण से भक्त को न केवल जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है, बल्कि मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में केवल प्रभु का नाम ही भव-सागर से पार कराने वाला साधन है, जो भक्त पूर्ण विश्वास के साथ नाम-जप करता है, वह बड़े से बड़े संकट से भी मुक्त हो जाता है। कथा के दौरान उन्होंने न भक्त और नानी बाई की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण स्वयं अपनी पटरानी के साथ उपस्थित होकर नानी बाई का मायरा भरने पहुंचे

## डूंडलोद में डंफरो के अवैध आवागमन से आम जन परेशान...



**नवलगढ़** नवलगढ़ में मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग भारत के राजस्थान प्रभारी शंकर लाल शर्मा ने बताया कि डूंडलोद नगर पालिका क्षेत्र में बीच बाजार में मिट्टी खोदकर ला रहे डंफरो का आना जाना लगा रहता है। के आर टी ब्रिक्स इस अवैध कार्य को अंजाम दे रही है नगरपालिका प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रहा है, इन डंफरो की वजह से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं, नालियों के क्रोस और ढक्कन इन डंफरो की वजह से टूट गए हैं, छोटे वाहनों का इस पर से निकलने समय एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है, नवलगढ़ प्रशासन उपखण्ड अधिकारी को इस विषय में अवगत कराया गया है, डूंडलोद नगर पालिका को भी इस पर संज्ञान लेना चाहिए है।

## बेटियों के हक को डकारने के प्रयास में राजनेता सदियों से गुलामी की दास्तान झेल रहा राजाखेड़ा

जयपुर टाइम्स



जिससे यह अपनी अस्तित्व को खोते हुए बंद

**धौलपुर** राजाखेड़ा आज भी उन राजनेताओं की जकड़न में है जो चंद वोटो की खातिर नन्हीं मुन्नी बालिकाओं के हक की जमीन जरिहा नंबर दो खसरा नंबर 3949 राजाखेड़ा , के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के मामले को दबाना चाह रहे है। प्रशासन एवं बंदोबस्त से जुड़े अधिकारी इनके फोन को सार्वजनिक करें तो जनता उनकी हकीकत को समझ सकेगी, आबादी की दृष्टि से राजाखेड़ा का सबसे बड़ा मोहल्ला मुन्ना कॉलोनी जिसमें बहुतायत मजदूर वर्ग रहता है इनकी सामर्थ नहीं कि ये बेटियों को प्राइवेट स्कूल में भेज सके और 4किमी दूर राजकीय विद्यालय भी बिना साधन के भेज सकते है। एक और राजाखेड़ा है मैदान में संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोपीनाथ जो की कक्षा एक से 12 तक अंग्रेजी माध्यम में का है इस विद्यालय में जगह है नहीं है के कगार पर है ।पर्याप्त स्टाफ है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजाखेड़ा कार्यालय से इस विद्यालय को खसरा नंबर 3949 देने के प्रस्ताव भेजे गए है। गोपीनाथ विद्यालय इस भूमि पर स्थापित होने से मुन्ना कॉलोनी, जाटव बस्ती , बेडिया बस्ती ,कोली बस्ती, गंगोलियापुरा रोड की हरिजन बस्ती, हॉट मैदान की पहाड़ियां बस्ती, नाहिला रोड की भागीरथ बस्ती, एवं आसपास के रहने वाले विभिन्न वर्गों को इससे लाभ होगा । राजाखेड़ा का यह है सर्वाधिक नामांकन वाला विद्यालय होगा। लेकिन ऐसा होने से उन राजनेताओं को जनता शिक्षित होकर वोट नहीं देगी जो कि राजाखेड़ा की विकास में सदैव बाधा बनते हैं। राजाखेड़ा की जनता भली भांति अब रंगे सियारो को पहचान चुकी है। जो राजनेता गोपीनाथ विद्यालय को पुन स्थापित करने में अपनी रुचि रखेगा जनता उसके साथ रहेगी। आगामी चुनाव में सार्वजनिक मंचों से साक्ष्य सहित जनता के सामने हकीकत बयान की जाएगी। ,,, सरकारी जगह को ठगों की भांति व्यूह रचना कर बनाया अतिक्रमण का शिकार,,,, नगर पालिका राजाखेड़ा द्वारा 13 फरवरी 2002 को ऑन रोड 150 फ्रंट की जमीन खसरा नंबर 3949 जरिया नंबर दो में राज की बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा को आवंटित की गई,2006 में रविंद्र जैन ने उक्त जमीन पर स्टे आर्डर लगाकर मांग की कि सड़क पार उसके खेत की जमीन शेष रह गई है ,विद्यालय कोर्ट केस में व्यस्त रहा सन 2011 में शांति जैन ने अपनी जमीन खसरा नंबर 3948, 8 विश्व भू माफिया को बेच दी। रविंद्र जैन और शांतिलाल जैन की मिली भगत से भूमाफिया ने कोर्ट रिश्ते के दौरान गर्ल्स स्कूल की जगह सहित अतिक्रमण कर लिया तात्कालिक प्रिंसिपल महोदय ने एसडीएम तहसीलदार एवं थानेदार से अपनी जगह पर हो रहे अतिक्रमण की गुहार लगाई लेकिन राजनेताओं ने प्रिंसिपल को दबा दिया। आश्चर्य एवं संशय इस बात का है जिस रविंद्र जैन ने अपनी जगह सड़क के उस पर साबित करने का दावा किया था उस व्यक्ति ने 2018 में भू माफिया की मिली भगत से कोर्ट केस वापस ले लिया। और गर्ल्स स्कूल ठगा सा रह गया। और जनता को संतुष्ट करने के लिए शहर से 2 किलोमीटर दूर 5 करोड़ की जगह की बात दबाने की लिए गर्ल्स स्कूल को 20 लाख की जगह देकर नगर पालिका ने इतिश्री कर ली। बात भूल भुलैया में डालकर छोटे-मोटे नेताओं ने भी शेष पड़ी गर्ल्स स्कूल की जगह में बाउंड्री कर अपना कब्जा कर लिया। लेकिन बरसों से इस जमीन पर धोबी एवं कोली समाज के घूरे एवं पशु निवास हटाए गए। वे क्षुब्द थे। उन्होंने देखा कि आज भी 13 विश्वा जमीन 3949 गर्ल्स स्कूल के नाम है। और गरीबों को बेदखिल कर भूमिया जमीन हड़प रहे है,तो क्यों नही जनहित की जगह पर गोपीनाथ स्कूल बनवाए जाने की मांग बलवती की जाए।


## भारतीय जीवन बीमा निगम के वर्कमैन कर्मचारी क्लास- 2 अधिकारीयों द्वारा सेवा नियमों की विसंगतियों को लेकर एक दिवसीय जंतर-मंतर

### दिल्ली पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**दिल्ली,(निस.)** भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधन को कई ज्ञापन और अनुस्मारक देने के बाद भी, निगम के क्लास द्वितीय कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग, 'स्थायीकरण के बाद सेवा समाप्ति नहीं' अभी भी लंबित है। भारतीय संविधान के अनुसार, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत, एलआईसी अधिनियम, 1956, (कर्मचारी) नियम 1960, अनुलग्नक-4 विकास अधिकारी निगम के द्वितीय श्रेणी के पूर्णकालिक वेतनभोगी कर्मचारी से है और सर्वोच्च न्यायालय के तीन जजों की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक निर्णय एस.के. वर्मा एवं अन्य एआईआर 1462, 1983 और भारत सरकार, श्रम मंत्रालय द्वारा आदेश संख्या स्र7011/01/2022/आईआर/एम दिनांक 15.03.2022 को विकास अधिकारीयों को वर्कमैन का दर्जा घोषित किया है लेकिन प्रबंधन ओर विकास अधिकारियों के मध्य औद्योगिक विवाद विद्यमान है। आईडी अधिनियम, 1947 की धारा 2(एस) को लेकर सेवा नियमों में विसंगतिया विद्यमान है, विभिन्न शहरों के क्लास द्वितीय कर्मचारी, सामूहिक वेतन कटौती और बर्खास्तगी के मद्देनजर, अपनी चिंताओं, कठिनाइयों और कामकाज पर चर्चा करने के लिए 30 नवंबर 2025 को सुबह 11:00 बजे जंतर-मंतर दिल्ली पर शांतिपूर्वक एकत्रित होगे। इस विरोध प्रदर्शन के राष्ट्रीय संयोजक विकास अधिकारी बी. एल. मंडीवाल ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन संवैधानिक दायरे में शांति पूर्ण होगा जिसमें निगम हित और बीमा सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगी और हम शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से भारत सरकार ओर प्रबंधन को हमारी लंबे समय से लंबित ग्रीवांसेस के उचित ओर शीघ्र निष्पादन करने का आह्वावान करेंगे। इस शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए संपूर्ण भारत के विकास अधिकारी दिल्ली आ रहे है।

## पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद के निकटतम सुपरविजन में पत्नी की हत्या के बाद से फरार चल रहे मुल्जिम को थानाधिकारी मनियां नीरज शर्मा पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। घटना दिनांक 19 सितम्बर 2025 को मलखान पुत्र मुरली जाति कश्यप उम्र 60 साल निवासी पुराना वाटर वर्क्स बाई की खान सरमथुरा थाना सरमथुरा जिला धौलपुर ने थाना पर उपस्थित होकर अपनी पुत्री सुरभी की उसके पति महाराम व अन्य परिजनों द्वारा हत्या करने का मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज कराया। उक्त प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी महाराम पुत्र बदन सिंह जाति कश्यप उम्र 40 साल निवासी बिरोंधा थाना मनियां जिला धौलपुर को दिनांक 27 नवम्बर 2025 को गिरफ्तार किया गया।

## 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया,

### जब एक पावर ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के मढाभाऊ स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पावर ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया। विद्युत निगम के एईएन अनुराग मित्तल ने बताया कि सुबह अचानक हुए शॉर्ट सर्किट के कारण 3.15 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर ने आग पकड़ ली। धुएं के उठते ही आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी फैल गई और तुरंत फायर ब्रिगेड तथा निगम टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनज़र विद्युत लाइन को तत्काल बंद कराया और फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। एईएन मित्तल के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका है। वहीं, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है और सप्लाई को जल्द बहाल करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही आग लगने के कारणों की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### नाम संशोधन सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या Y1568003 में मेरा नाम चम्पा लाल (CHAMPA LAL) अंकित है, जो पासपोर्ट बनवाते समय सहवनवश गलत अंकित कर दिया गया था, जबकि मेरा सही एवं दस्तावेजी नाम चम्पा लाल प्रजापत (CHAMPA LAL PRAJAPAT) है। अब मैं अपने पासपोर्ट में मेरा सही एवं दस्तावेजी नाम चम्पा लाल प्रजापत (CHAMPA LAL PRAJAPAT) करवाना चाहता हूं, इस सम्बन्ध में कोई त्रुटि या विवाद होने पर समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**चम्पा लाल प्रजापत पुत्र माणक चन्द निवासी ढाणी कुम्हारान तहसील बीदासर जिला चूरू**

## आखिरकार कब तक खाद उर्वरक के लिए किसान किल्लत झेलते रहेंग

### राजाखेड़ा. दुकान पर पहुंचने के बाद खाद प्राप्ति की मशक्कत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राजाखेड़ा. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्वरकों की कमी के चलते एक बार फिर अन्नदाता परिवार सहित लाइनों में लगकर यूरिया के लिए मशक्कत कर रहा है। इतनी कवायद के बाद भी एक किसान को दो कट्टो खाद ही मिल पा रहा है, जो ऊंट के मुंह मे जीरे के समान है। हालांकि कृषि विभाग का दावा है कि शुक्रवार को 2200 कट्टों का वितरण किया गया है। अब स्थिति सामान्य होने लगेगी और 2 कट्टे प्रति व्यक्ति का वितरण हो सकेगा।



### अम्बरपुर रोड हाट मैदान चौकी से पर्ची वितरण

दुकानों पर उमड़ती भीड़ और विगत पखवाड़े से नाराज किसानों ने वितरण में अनियमित्तता के आरोपों पर बाई पास मार्ग जाम कर दिए जाने से उपजे हालातों से सबक लेते हुए उपखण्ड प्रशासन ने खाद के लिए पर्चियों का वितरण अम्बरपुर रोड हाट मैदान पुलिसचौकी राजाखेड़ा में बैठकर कराया जा रहा है। जहां से लगने वाली लाइन शुक्रवार को हाट मैदान चौकी से अम्बरपुर रोड तक होते हुए राजपूत धर्मशाला क्षेत्र तक जा पहुंची जो खाद की किल्लत को दर्शा रही थी। वहीं महिलाएं भी अपनी अलग कतार में लगकर खाद की बाट जोह रही थीं।

### पर्ची के बाद प्राप्ति की कवायद

इस सारी मशक्कत में किसानों को दोहरी परेशानी उठानी पड़ रही है। परिवार सहित अलसुबह आकर पहले थाने में पर्ची के लिए लाइन लगाई उसके बाद थाने से मना करने के बाद हाट मैदान चौकी अंम्बरपुर रोड पर लंबी कतार लगाई ओर पर्ची मिल जाए तो पुनः एक किलोमीटर दूर खाद बीज की दुकानों पर खाद प्राप्ति के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। ऐसे में उसे पर्ची से प्राप्ति तक 4 से 5 घण्टे तक खड़े रहना पड़ रहा है। जो उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फिर भी इतनी कवायद के बाद भी उसे प्रति व्यक्ति दो कट्टा ही मिल पा रहा है, जबकि उसकी मांग इससे कई गुना ज्यादा है।

### सुधर सकते हैं हालातः

सारे प्रकरण में सहायक कृषि अधिकारी रामविलास ने बताया कि धौलपुर जिले में यूरिया उर्वरक की कमी नहीं है। हालांकि राजाखेड़ा खाद उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा यूरिया उर्वरक नहीं लिया जा रहा था जबकि जिला प्रशासन के कड़े रवैया से दिलाया जा रहा है और कम आपूर्ति के बीच भी यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे किसी का काम न रुके। हालांकि अब उपलब्धता बढ़ गयी है। और शुक्रवार को 2200 कट्टों का ?वितरण किया जा रहा है ।जिससे प्रति व्यक्ति 2 कट्टों का वितरण किया जा रहा है

## भारतीय किसान संघ ने खाद-बीज विक्रेताओं के भौतिक सत्यापन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(निस.)** भारतीय किसान संघ धौलपुर इकाई ने किसानों की खाद, बीज, उर्वरक, रसायन व फर्टिलाइज़र्स से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उप जिला कलेक्टर धौलपुर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि तहसील धौलपुर एवं उप तहसील मनियां क्षेत्र के अधिकृत खाद-बीज विक्रेताओं को सत्र 2025-26 के लिए प्राप्त कृषि आदान के स्टॉक एवं वितरण का भौतिक सत्यापन कराया जाए। संघ पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कई विक्रेता अनुज्ञापत्र में उल्लिखित नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जा रही है और अधिकांश दुकानों पर पक्का बिल भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। साथ ही किसी भी दुकान पर स्टॉक एवं दर सूची का बोर्ड प्रदर्शित नहीं किया जाता, जिससे किसान ठगा हुआ महसूस करते हैं। प्रान्त उपाध्यक्ष नत्थी सिंह परमार ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर गोदामों व दुकानों का मौके पर निरीक्षण नहीं होने से कालाबाज़ारी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान किसानों को उपलब्ध कराने की मांग रखी। राजस्व प्रमुख लक्ष्मण सिंह चौहान ने जिले में अधिक वर्षा से फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी कर, खरावे का मुआवजा मुख्यमंत्री राहत कोष से दिलवाने तथा रबी फसलों की सिंचाई से पूर्व नहरों, माइनरों व गुलों की सफाई एवं मरम्मत कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश पाल सिंह, प्रान्त महामंत्री लक्ष्मी नारायण मीणा, जिला मंत्री गणेशी लाल समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में कांग्रेस महिला जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, संगठन सुदृढ़ीकरण व महिला सशक्तिकरण पर बनी रणनीति

जयपुर टाइम्स




**भीलवाड़ा(निस.)** जिला कांग्रेस कार्यालय भीलवाड़ा में शुक्रवार को कांग्रेस महिला जिला कार्यकारिणी की बहु-प्रतीक्षित एवं महत्वपूर्ण बैठक उत्साह, ऊर्जा और जोश के साथ सम्पन्न हुई। यह बैठक महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लंबा एवं राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की गई। दोपहर 12:15 बजे प्रारम्भ हुई बैठक में जिलेभर से महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का संचालन जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं भीलवाड़ा महिला कांग्रेस प्रभारी रिक्की सिंह (भरतपुर) रहीं। वहीं भीलवाड़ा ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल जाट एवं प्रभारी रिक्की सिंह के सानिध्य में बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामलाल जाट तथा पूर्व सभापति ओमप्रकाश नाराणीवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रभारी रिक्की सिंह ने जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी के विस्तार, संगठन को बूथ व ब्लॉक स्तर तक और मजबूत बनाने, कांग्रेस में महिला नेतृत्व को सशक्त प्रतिनिधित्व देने, आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रशिक्षण, बूथ मज़बूती एवं विशेष अभियानों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने 'नारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया। जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने कहा कि महिला कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ संगठन में अपनी भूमिका का विस्तार करेगी और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाई जाएगी। ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल जाट ने आर्थिक रूप से कमजोर, राजनीति से जुड़ी महिलाओं के लिए 10-15 महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने की योजना की घोषणा की, ताकि महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में प्रभारी रिक्की सिंह, रेखा हिरण, मधु जाजू, लीला देवड़ा, रुकमणी, अनिता पहाड़ियाँ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। महिला शक्ति के उत्साह से जिला कांग्रेस कार्यालय का माहौल जोश और संकल्प से गूंजता रहा।

## पंचायत समिति बाडी में सरकारी योजनाओं पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय मेगा शिविर संपन्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** पंचायत समिति कार्यालय बाडी में प्रयत्न संस्था की परियोजना 'कवच' के तहत ब्लॉक स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से आमजन को जोड़ना और उन्हें एक ही मंच पर बहुविभागीय सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। शिविर की शुरुआत पर्यटन संस्था कार्यकर्ता ठाकुरदास जी ने परियोजना के उद्देश्य और संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए की। इसके बाद संस्था के जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजेंद्र कटारिया ने धौलपुर जिले में चल रहे 'कवच कार्यक्रम' की प्रगति और भविष्य की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में विकास अधिकारी अनिल शर्मा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जनहित में कार्य करने और योजनाओं के अधिकतम लाभार्थी जोड़ने का आह्वान किया। वहीं, उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग ,श्रम विभाग, शिक्षा विभाग ,समाज कल्याण विभाग ,स्वास्थ्य विभाग विभाग ,कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी को प्रदान की। शिविर के समापन अवसर पर पंचायत ऑफिसर राजेंद्र शर्मा और संस्था के ब्लॉक समन्वयक रामबरन गोस्वामी, सोनू ने सभी विभागीय अधिकारियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।इस मेगा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण करवाया।

## सचिव रेखा यादव ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर,(निस.)** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के तहत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने केंद्र द्वारा हिंसा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली तथा सेंटर में दर्ज मामलों के रजिस्टरों की जांच की। रजिस्टरों में दर्ज एंट्रियां सही पाई गईं। केंद्र प्रबंधक ने बताया कि एक पीड़ित महिला मेडिकल जांच हेतु चिकित्सालय ले जाई गई है, जबकि एक महिला के प्रकरण का 28 नवम्बर को निस्तारण कर उसे उसके घर भेज दिया गया। सचिव रेखा यादव ने सेंटर के सभी कमरों की साफ-सफाई, पंखों, पेयजल, भोजन व्यवस्था एवं सर्दी के मद्देनजर रजाई, गद्दों आदि की स्थिति का भी निरीक्षण किया और संतोष प्रकट किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित स्टाफ को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न प्रतिषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम सहित विभिन्न विधिक प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। सचिव ने निर्देश दिए कि सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा हिंसा पीड़ित महिलाओं को मुफ्त परामर्श, आश्रय, चिकित्सकीय, विधिक एवं मनोवैज्ञानिक सहायता जैसी सुविधाओं के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि संकट की स्थिति में महिलाएं निर्भीक होकर इस केंद्र से सहायता ले सकें।

## एक ही रात्रि में पांच जगह चोरी की घटना, कई लाखों का जेवरात चुरा ले गए चोर, पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)।** आतेला कस्बे में बुधवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने एक साथ पांच जगह चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए नगदी सहित 15 लाख के सोने चांदी के गहने और सामान चुरा ले गए। चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। चोरों की सीसीटीवी में में फुटेज कैद हुई है एक ही रात में हुई पांच जगह चोरी की घटना से आसपास के गांव में दहशत का माहौल है। अज्ञात चोरों ने 3 मकान और 2 दुकानों को अपना शिकार बनाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी की घटनाओं का जायजा लिया। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल ने शुरू किए। इधर भाबरू थाना इलाके में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों ने रोष जताया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि एक ही रात में पांच जगह चोरी की घटना में किसी बड़ी गैंग का हाथ है। थाना प्रभारी रामकिशोर चौधरी ने बताया कि चोरी की घटना का खुलासा कर जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।





### सीमा पर तैनात सिपाही के घर को बनाया निशान

कस्बा निवासी बजरंग सैनी बीएसएफ की 145 बटालियन में कोलकाता में पोस्टेड है। चोरों ने सीमा पर तैनात सिपाही के घर को सबसे ज्यादा निशान बनाया है। घटना में चोरों ने परिवार के 12 लाख रुपए के सोने चांदी के गहने चुराकर ले गए। चोरी घटना का सुबह 5:00 बजरंग सैनी की बहन कांस्टेबल कृष्णा सैनी उठी तब पता चला। इतनी बड़ी चोरी से परिवार में दहशत का माहौल है। मौके पर एमओबी की टीम बुलाकर फिंगरप्रिंट लिए गए हैं, साइबर सेल की मदद ली जा रही है आसपास के सीसीटीवी फुटेज और कैमरे खंगाले जा रहे हैं चोर नकाब बाज है। चोर चोरी करने फोर व्हीलर से आए हैं। चोरी की घटना में किसी गैंग का हाथ है। जल्दी ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। रामकिशोर चौधरी थाना प्रभारी भाबरु

### वारदात नंबर 1

आंतेला में बजरंग कुमार सैनी और योगेश कुमार सैनी के मकान की चार दिवारी फांद कर चोर अंदर घुसे। कमरे का ताला तोड़ा और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर दो सोने के गले के हार, दो जोड़ी सोने के माथे का टीका, दो जोड़ी सोने के कान की बाली, दो जोड़ी सोने के हाथ के कंगन, तीन सोने की अंगूठी और चार जोड़ी पाजेब चांदी की, दो जोड़ी चांदी की चुटकी सहित करीब 12 लाख रुपए का सोने चांदी का गहना चुरा ले गए।

### वारदात नंबर 2

इसी प्रकार योगेश सैनी के पड़ोसी ताराचंद नागर के अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी डीजे सिस्टम की मशीन, स्पीकर सहित लगभग 1 लाख रुपए सामान चुरा कर ले गए

### वारदात नंबर 3

चोरों ने ताराचंद नागर के पड़ोसी महेंद्र मीणा की डीजे की दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी डीजे सिस्टम की मशीन सहित लगभग 50 हजार रुपए का सामान चुरा कर ले गए

### वारदात नंबर 4

इसी प्रकार चोरों ने कस्बा निवासी मालीराम बुनकर के मकान का मेन गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे कमरे में रखे अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर 25 हजार रुपए नगद और एक जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी कर ले गए।

### वारदात नंबर 5

चोरों ने कस्बा निवासी डॉ गिरधारी कुमावत के मकान का मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर उसे एवं कमरे में रखें अलमारी बक्से के ताले को तोड़कर सामान को इधर-उधर फैला कर जाग होने की आशंका के चलते छोड़ गए।

## आरपीएससी की मेंबर संगीता आर्य ने दिया इस्तीफा, पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य की है पत्नी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोकसभा आयोग की सदस्य संगीता आर्य ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है संगीता आर्य प्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य की पत्नी है और कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं पिछली गहलोत सरकार में इन्हें राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था



जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से संगीता आर्य को ई.ओ. और आर. ओ. भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी और अनियमित के मामले में पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था जिसके जवाब में संगीता आर्य ने एंटी करप्शन ब्यूरो को 15 दिन का समय मांगा था संगीता आर्य ने कहा था कि राजस्थान लोकसभा आयोग के इंटरव्यू संबंधित होने की वजह से वह व्यस्त हैं इसलिए उन्हें 15 दिन का समय दिया जाए शुक्रवार को संगीता आर्य ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के मेंबर पद से इस्तीफा दे दिया है यह इस्तीफा राज्यपाल को भेजा गया है अब राज्यपाल इस इस्तीफा पर अंतिम निर्णय लेंगे उल्लेखनीय है कि पूर्व में भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में घुमंतू जाति बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावट को गिरफ्तार किया गया था इस दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से राजस्थान लोक सेवा आयोग की पूर्व मेंबर मंजू शर्मा और संगीता आर्य के ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दिया था हालांकि बाद में एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस पूरे मामले में एसीबी कोर्ट में चालान प्रस्तुत करके मंजू शर्मा और संगीता आर्य को इस मामले में क्लीन चिट दे दी थी।

## कृषि उपज मंडी के सचिव को 45000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रदेश में धौलपुर में कृषि उपज मंडी के सचिव के. सी. मीना को 45000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अब बरामद की



गई रिश्वत की राशि के बारे में यह जांच पड़ताल भी कर रही है कि बरामद की गई राशि में किसी अन्य का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इसके अलावा मंडी सचिव के विभिन्न ठिकानों पर भी एसीबी का सर्च अभियान जारी है तथा गिरफ्तार मंडी सचिव मीणा की ओर से निपटाई गई तमाम तरह की फाइलों और दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी को संदेह है कि मंडी सचिव बिना पैसा लिए दिए कोई काम नहीं कर रहा था इसलिए इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मंडी सचिव मीणा ने परिवादी से दुकान का लाइसेंस देने के बदले रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने पारिवारिक की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी मंडी सचिव को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी मंडी सचिव मीणा को रिश्वत के 45000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ मंडी सचिव मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद पूरे मंडी परिसर में खलबली मच गई।

## भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर पंकज गुप्ता की पुनर्नियुक्ति पर रतनगढ़ में जश्न

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर पंकज गुप्ता को पुनः मनोनीत किए जाने पर रतनगढ़ में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। गुरुवार की शाम शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के नेतृत्व में घंटाघर के पास आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि पंकज गुप्ता संगठन में सभी को साथ लेकर चलने वाले सुलझे हुए एवं व्यवहार कुशल नेता हैं। उनका पुनः प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत होना रतनगढ़ ही नहीं, पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि गुप्ता के नेतृत्व में संगठनात्मक मजबूती और अधिक बढ़ेगी। शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि गुप्ता एक कुशल संगठनकर्ता हैं, जो पार्टी की नीतियों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके पुनः कोषाध्यक्ष बनने से संगठन और अधिक संगठित तथा सशक्त होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गहलोत अपने गिरेबान में झांके, जूली मृत 25 बी. एल. ओ. की सूची जारी करें : राजेंद्र सिंह राठौड़

### पिछली गहलोत सरकार से हर मोर्चे में और हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही भजनलाल सरकार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पर जोरदार हमला बोला और कहा कि टीकाराम जूली मतदाता सूचीशुद्धिकरण की प्रक्रिया पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं चुनाव आयोग की ओर से यह कार्य अवैध रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा रहे लोगों को हटवाने और प्रत्येक वास्तविक मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए किया जा रहा है लेकिन प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली गलत बयान बाजी कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि इस प्रक्रिया में अब तक 25 बूथ लेवल ऑफिसर की मौत हो चुकी है इस तरह की मनगढ़ंत और झूठी अफवाह फैलाकर टीकाराम जूली मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य में जुटे ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारी के काम पर पानी फेर रहे हैं और उनके हौसले को कमजोर भी कर रहे हैं उन्होंने कहा कि जूली जिन 25 बूथ लेवल ऑफिसर की मौत होने की बात कह रहे हैं तो वह उनका नाम भी सार्वजनिक करें लेकिन इस तरह से गलत अफवाह ना फैलाएं राठौर ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी जोरदार हमला बोला और कहा कि गहलोत यह कहते हैं कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज उन्हें नहीं दिख रही और कोई काम नहीं हो रहा राठौर ने कहा कि गहलोत को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि उनके कार्यकाल में पूरे 5 साल तक सरकार प्रदेश के अलग-अलग होटल में मौज मस्ती करती रही उनके विधायकों को कैद करके रखा गया और प्रदेश की जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार पूरे 5 साल तक पेपर लीक भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार अपराधों में हमेशा सुर्खियों में रही लेकिन प्रदेश की भजन लाल सरकार ने पिछले 23 महीना में हर मोर्चे में और हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए हैं और कई बड़े नीतिगत फैसला लिए हैं उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने अपने इस छोटे से कार्यकाल में ही दर्जन भर से ज्यादा बड़े-बड़े नीतिगत फैसले लिए हैं पानी के क्षेत्र में चाहे यमुना जल समझौता हो या रामसेतु जल समझौता हो इस तरह के बड़े निर्णय लिए हैं पिछली गहलोत सरकार की तुलना में प्रदेश में पिछले 23 महीना में प्रति व्यक्ति की इनकम में जोरदार बढ़ोतरी हुई है उन्होंने कहा कि पिछली गहलोत सरकार के अंतिम कार्यकाल में जो बजट प्रस्तुत किया गया था उस बजट से 24 प्रतिशत बजट भजनलाल सरकार ने ज्यादा मंजूर किया है राठौर ने कहा कि प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में 50 से 100 करोड़ रुपए तक के विकास कार्य जारी हैं प्रदेश में राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के समझौते हुए जिसमें अब तक 750000 करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं प्रदेश में 96000 सरकारी नौकरी दी गई है और अब तक बड़ी संख्या में सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ इसमें एक भी पेपर लिक नहीं हुआ उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है राठौर ने कहा कि प्रदेश के 75 लाख किसानों को 9000 रुपए की किसान सम्मन निधि बैंक अकाउंट में भेजी गई है सड़क पानी बिजली सौर ऊर्जा हर क्षेत्र में व्यापक तौर पर पिछले 23 महीना में विकास कार्य हुआ है लेकिन अफसोस और दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रदेश का विकास नजर नहीं आ रहा।

## पांच ग्राम पंचायतों में हुआ 5 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**जिला परिषद व पंचायत समिति द्वारा विगत 5 वर्षों में हुए है विकास कार्य,**

**लोकार्पण करने पहुंचें अतिथियों का ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर फलों से तौलकर किया स्वागत**



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जिला परिषद व पंचायत समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण के पांचवें चरण के तहत शुक्रवार को 5 ग्राम पंचायत में लगभग 5 करोड रुपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। पंचायत समिति की ओर से प्रधान निर्मला राजपुरोहित नें अपने कोष से ग्राम पंचायत मीतासर में 47.59 लाख, सवाई बड़ी में 76.64 लाख, कल्याणपूरा पुरोहितान में 77.16 लाख, रूपलीसर में 156.07 लाख, दुलरासर में 120.27 लाख रूपये की लागत के विकास कार्य करवाए है। वहीं जिला परिषद की ओर से जिला प्रमुख वंदना आर्य नें पंचायत कल्याणपुरा पुरोहितान में 9.99 लाख की लागत से थ्री फेज ट्यूबवेल और पंचायत दुलरासर में 8.95 लाख की लागत से आरआरसी निर्माण जैसे कार्य करवाए है। इन विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, भाजपा नेता रवि आर्य, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वर डूडी, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, पस सदस्य रामनिवास पारीक, सरपंच प्रतिनिधि गिरधारीलाल स्वामी, सरपंच गोपाल सिंह, हिरालाल बेनीवाल, श्योकरण पोटलिया, भाजयुमो नगर महामंत्री गुरू धानका, युवा नेता सुरेन्द्र आदि भाजपा नेताओं नें किया। लोकार्पण के दौरान ग्राम पंचायत कल्याणपुरा पुरोहितान में ग्रामवासियों नें गाजे-बाजे से पुष्पवर्षा कर भाजपा नेताओं व अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रिणवां एवं प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित को ग्रामीणों नें 1 क्विंटल फलों (सेव) से तोला गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रिणवां नें कहा की 6 महीने के अंदर-अंदर विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या का स्थाई समाधान हो जायेगा। साथ ही किसानों को दिन में सप्लाई चालू करवाने हेतू मैंने मुख्यमंत्री से भी वार्ता की है। उपाध्यक्ष राजपुरोहित नें ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा की मेरे पास कोई भी व्यक्ति किसी काम के लिए आया तो मैंने बिना भेदभाव के हर व्यक्ति की समस्या को बड़े से बड़े अधिकारीयों को अवगत करवाया और समस्या का समाधान करवाया। इस अवसर पर रवि आर्य सहित कई भाजपा नेताओं नें अपने विचार व्यक्त किये। सामुदायिक भवन के लिए जमीन दान करने वाले भामाशाह रामचंद्र राजपुरोहित का मीतासर ग्राम पंचायत की ओर से सम्मान किया गया। लोकार्पण करने पहुंचे सभी अतिथियों का प्रशासक कलावती देवी, मंडल महामंत्री पवन पारीक, मुलायम सिंह राजवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय पारीक, ओमप्रकाश सारण, भामाशाह रामचंद्र राजपुरोहित, मनोज पूनियां, मनोहरी देवी, सहीराम मेघवाल, सांवरमल नायक, सुरेंद्र सिंह, शारदा देवी, श्यामलाल, सरोज कंवर, विद्या देवी सहित सेंकड़ों की संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## बिकासी को पंचायत मुख्यालय बनाने के विरोध में रामपुरा पट्टा झारिया की महिलाओं ने वोट बहिष्कार की चेतावनी दी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** नई ग्राम पंचायत के गठन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सरकार द्वारा बिकासी गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाए जाने के फैसले पर रामपुरा पट्टा झारिया के ग्रामीणों ने कड़ा एतराज जताया है। ग्रामीणों ने रामपुरा पट्टा झारिया को ही पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ खान के नेतृत्व में रामपुरा पट्टा झारिया के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने अधिकारियों से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की। ग्रामीणों का तर्क है कि रामपुरा पट्टा झारिया गांव स्टेट हाईवे पर स्थित है, जिससे आवाजाही सुगम है। इसके विपरीत, बिकासी गांव मुख्य सड़क से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक संकरी और सिंगल रोड पर स्थित है, जिससे लोगों को मुख्यालय तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और खर्च लगेगा। जनसंख्या के आधार पर भी रामपुरा पट्टा झारिया की आबादी बिकासी से लगभग तीन गुना अधिक है। क्षेत्रफल, सरकारी भवन निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, अन्य राजस्व गांवों से कनेक्टिविटी, तथा



थाना भालेरी, तहसील व उपखंड कार्यालयों तक सुगम सड़क मार्ग जैसे सभी दृष्टि कोणों से रामपुरा पट्टा झारिया एक बेहतर विकल्प है। ग्रामीणों ने बताया कि बिकासी में आवाजाही के साधनों की कमी के कारण आमजन को परेशानी होगी। उन्होंने सभी तथ्यों के आधार पर मांग की है कि पंचायत मुख्यालय के चयन पर पुनः विचार किया जाए और रामपुरा पट्टा झारिया को ही पंचायत मुख्यालय बनाया जाए। इस दौरान गांव से आई महिलाओं ने विशेष रूप से आक्रोश व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगामी चुनावों में वोट नहीं डालेंगी।

## डॉ. सतीश पूनियां ने विधायक कैलाश मीणा के सुपुत्र को दी श्रध्दांजलि, परिजनों से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स



**बांसवाड़ा / गढ़ी।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मेवाड़ प्रवास के दौरान बांसवाड़ा जिले के गढ़ी पहुँचकर भाजपा विधायक कैलाश चन्द्र मीणा के सुपुत्र अभिषेक मीणा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की। डॉ. पूनियां ने शोकाकुल विधायक कैलाश चन्द्र मीणा सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि अभिषेक का असमय निधन पूरे संगठन के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी का पूरा परिवार, मीणा परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी अभिषेक मीणा को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अपने मेवाड़ दौरे के क्रम में डॉ. सतीश पूनियां ने प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ त्रिपुरा सुंदरी के दरबार में भी शीश नवाया। उन्होंने प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और सामाजिक सौहार्द की कामना की। पूनियां ने कहा कि माँ त्रिपुरा सुंदरी की कृपा से प्रदेश विकास, सुशासन और



जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। दौरे के दौरान उनके साथ भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## हजारों हाथ दुआ में उठेः बीदासर इज्तिमा सम्पन्न, 25 जमातें दीन का पैगाम लेकर रवाना

**बीदासर -** नेक नगर स्थित आदर्श कॉलोनी में मुस्लिम समुदाय का तीन दिवसीय जिला स्तरीय दीनी तब्लीगी इज्तिमा शुक्रवार को दुआ के साथ सम्पन्न हो गया। आखिरी दिन हजारों लोगों ने हाथ उठाकर रब से अपने गुनाहों की माफी मांगी और अमन-चैन की दुआ की। दुआ सुबह सवा ग्यारह बजे हजरत मौलाना चिरागुद्दीन ने कराई। दुआ के दौरान मौलाना ने कहा– 'या अल्लाह हम गुनाहगार हैं... हमारे गुनाहों को बख्श दे, हमें सीधी राह पर चला।' जैसे ही यह अल्फाज़ निकले, पूरा मजमा 'आमीन-आमीन' से गूंज उठा। हजारों लोग गुनाहों पर अश्क बहाते हुए तौबा करते नजर आए। इज्तिमा के समापन के साथ ही प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तीन दिन, 10 दिन, 40 दिन और चार माह दिन और इंसानियत का पैगाम देने के लिए 25 जमातें तैयार हुई है। दुआ से पहले उलेमाओं ने कहा कि जिंदगी को गफलत में न गुजारें, रमजान की इबादतों में खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पड़ोसियों से अच्छा बर्ताव करें। लोगों को नेक राह की दावत देने तथा इल्म हासिल कर नेक बनने की नसीहत दी। शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने के लिए इज्तिमा में 35 युवाओं का सामूहिक निकाह कराया गया।

# जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित

### मशाल यात्रा बनी जन-जागरूकता का प्रतीक

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** 'ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के अब अंधेरा जीत लेंगे लोग मेरे गांव के' इन पंक्तियों को सार्थक करते हुए जिले की दोलतपुरा ग्राम पंचायत बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध एक बड़े जन-जागरण का केंद्र बन गई। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आह्वान पर चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के समर्थन में गायत्री सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक विशाल जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ 7 जिसमें ग्रामीण समुदाय, महिलाएँ, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। गांव की पंचायत




में आयोजित इस कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संदेश मशाल यात्रा और सामूहिक शपथ के माध्यम से दिया गया। ग्रामीणों की भागीदारी और माहौल की ऊर्जा इस बात का संकेत थी कि समाज अब बदलाव के लिए तैयार है और बाल विवाह के विरुद्ध एकजुटता के साथ खड़ा हो रहा है।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित बाल अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक डॉक्टर गार्गी शर्मा ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है । सामूहिक प्रयास से इस कलंक को समाज से मिटाना होगा । शर्मा ने बताया कि समय की आवश्यकता है कि समाज बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। इस दिशा में गायत्री सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के प्रयास सराहनीय है घकार्यक्रम में गायत्री सेवा संस्थान के जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब वह अपने बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त बनने का अवसर दे। हमारा संकल्प है कि इस क्षेत्र को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाए और इसके लिए हम हर गांव, हर मोहल्ले और हर परिवार तक इस अभियान का संदेश पहुंचा रहे हैं। हमारा उद्देश्य समुदाय को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और क्षेत्र को एक वर्ष के भीतर पूर्णतः बाल विवाह मुक्त मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करना है। संस्था ने इसी लक्ष्य के तहत 100 दिवसीय गहन जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है, जिसके माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा और युवा-समूहों व महिला नेतृत्व को मजबूत बनाया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क से जुड़े संगठनों ने पिछले वर्ष देशभर में एक लाख से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता हासिल की है, जो सामूहिक प्रयासों के प्रभाव का प्रमाण है।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से लएडीसीएस बृजेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह रोकने में पुलिस के साथ-साथ समुदाय की पहल सबसे प्रभावी भूमिका निभाती है, इसलिए हर परिवार को इस अभियान का भागीदार बनना होगा। बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा और स्वास्थ्य सभी को प्रभावित करता है, इसलिए इसकी रोकथाम प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।कार्यक्रम का समापन वृहद मशाल यात्रा के साथ हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि गांव में किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह नहीं होने देंगे और बच्चों के प्रति होने वाले इस अन्याय के खिलाफ हमेशा खड़े रहेंगे। मशाल यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं में देखा गया उत्साह दर्शाता था कि नई पीढ़ी अब इस कुप्रथा को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत है, और जल्द ही यह क्षेत्र बाल विवाह मुक्त बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय सरपंच दिनेश कुमार यह संकल्प लिया की यदि ग्राम पंचायत में कोई बाल विवाह की सूचना प्राप्त होगी तो पंचायत सर्वप्रथम उस पर कार्यवाही करेगा यहाँ कहते हुए उन्होंने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया 7कार्यक्रम का संचालन समन्वयक अभिषेक बगड़िया व जितेंद्र नाथावतपुरा ने किया एवं क्रायक्रम में स्थानीय ग्रामीण रघुवीर मील बनवारी लाल कृष्ण नायक निन्दकिशो दानोदिया कमलेश देवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
29 नवम्बर, 2025

## आई फोन लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हाल ही में 22 नवंबर की रात को लोहिया स्टेडियम में गुम हुए करीब डेढ़ लाख कीमत के आईफ़ोन को शुक्रवार को मालिक बनवारी सांखला सुजानगढ़ के बेटे राकेश सांखला को लौटाकर कपिल बागडा ने ईमानदारी का परिचय दिया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस के हेड कांस्टेबल भँवरलाल, राजकुमार, भागीरथ तथा कपिल बागड़ा, गौतम बागड़ा ने राकेश सांखला को पुलिस थाने में ये फोन वापस सौंप दिया। तीन चार दिनों के प्रयास से आखिर फोन मालिक का पता चल सका।

## मानवता की सेवा सबसे श्रेष्ठ धार्मिक कार्य- शास्त्री



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गनोड़ा रोड़ की सिंघी प्याउ के पास स्थित किस्तूरनाथजी की बगीची में चल रही श्रीमद्भागवत्कथा के दूसरे दिन मुख्य यजमान महावीर गुलेरिया रहे। कथावाचक पं. मोहित राज शास्त्री ने कहा कि मानव और मानवता की सेवा ही सर्वश्रेष्ठ धार्मिक कार्य है। शास्त्री ने कहा कि धार्मिक प्रवृति के लोग मानव सेवा को मिशन के रूप में समझकर कार्य करते हैं, इसलिए धार्मिक कार्यक्रमों से मानव सेवा की भावना का भी विकास होता है। राजकुमार प्रजापत ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में जगदीश महाराज, रेखा राम, सुरेश गोपाल, जसूराम, कानाराम, महेंद्र और अशोक सिंह आदि का सहयोग रहा।


## गुप्ता के प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी में चूरू जिले के भाजपा नेता पंकज गुप्ता को पुनः प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौक में पटाखे जलाकर व आतिशबाजी कर खुशियाँ मनाई। माटोलिया ने कहा कि हमारे चूरू जिले से पंकज गुप्ता को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया जाना हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। वे कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी, बूथ मैनेजमेंट के विशेषज्ञ और सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के धनी है। उनके मनोनयन के लिए मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट मनीष दाधीच, मण्डल उपाध्यक्ष सुमन सांभरिया, अमरचंद सेन, मण्डल महामंत्री प्रकाश भार्गव, मंडल मंत्री देवेन्द्र भाटी, एड प्रियांशु लड़ा, पार्षद पंकज घासोलिया, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, बलराम सोनी, सीताराम माली, मनीष टोकसिया, प्रेम जोशी, लक्ष्मीनारायण सोनी, बनवारी तोषनीवाल, रमेश शर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवम कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## गीता जयंती पर शोभायात्रा 30 को, झांकियां रहेगी आकर्षण का केन्द्र



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिला मुख्यालय पर 30 नवम्बर को गीता जयंती महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसको लेकर गुरूवार शाम राजीव मार्केट में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन समिति के आचार्य जनार्दन, सुरेश सरावगी, संजय सिंघानिया के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा लोहिया खेल मैदान से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, सफेद घण्टाघर, गढ़ चौराहा, मोजासिया चौक, श्रीराम मन्दिर होते हुये ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम जायेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। इस दौरान गीता की सजीव झांकी सभी के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा में शहर के अलग-अलग स्थानों से निकलने वाली प्रभात फेरियां भजन कीर्तन करते हुए सम्मिलित होंगी। शोभायात्रा में 251 ध्वजाएं अपनी छटा बिखेरेंगी। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारी घरों और दुकानों में सम्पर्क कर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम में प्रणवाश्रम गनेडी धाम के महन्त निवृत्ति नाथ महाराज का प्रमुख सानिध्य रहेगा। इस दौरान बैठक में गोपीचंद शर्मा, निरंजन गौतम, प्रेम वशिष्ठ, कैलाश नोवाल, सुशील गुप्ता, प्रहलाद भाटी, मोहित सिंघानिया, प्रमोद, माधुरी शर्मा, ममता शर्मा, पूजा शर्मा, दिव्या भाटी, बाबुलाल, अंकिता शर्मा, रेणू बजाज आदि उपस्थित थे।

# बैरासर गुमाना में, महिला को बंधक बनाकर सोना नगदी लुट मामले का खुलासा करने की मांग

### ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन गिरफ्तारी की की मांग आंदोलन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निसं.)।** कस्बे के बैरासर गुमाना गांव में 19 नंबर को महिला क्रो बंधक बनाकर मारपीट कर सोना चांदी व नगदी लूट की घटना के 9 दिन बाद भी घटना का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों मे भारी रोष है घटना के खुलासे की मांग क्रो लेकर ग्रामीण शुक्रवार क्रो सेकड़ो की संख्या मे घटना स्थल पर एडवोकेट गायत्री पुनिया के नेतृत्व मे प्रसासन के खिलाफ विरोध जताया ग्रामीणों ने पुलिस प्रसाशन के खिलाफ नरेबाजी कर घटना के खुलासे की मांग की । ग्रामीणों ने कहा घटना के 9 दिन बाद भी बदमाश पुलिस पकड़ से दूर ह।ऐसे मे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे है और ग्रामीणों मे भय का माहौल बना हुआ है। घटना स्थल पर ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी कर आक्रोश प्रकट किया.गोरतलब है की गांव बेरासर गुमाना मे 18 नवबर की रात्रि क्रो ताराचंद पूनिया पुत्र सोहन लाल के घर 7-8 बदमाश गाड़ी में सवार होकर पहुंचे। घर में उस समय घर संतोष पत्नी ताराचंद अकेली महिला थी, जिसे बदमाशों ने कमरे में बंधक बनाकर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। महिला ने बताया कि हथियार सहित नकाब पोस लोग थे सौर मचाया तो महिला के साथ मारपीट भी की संतोष ने बताया कि बदमाशों ने गला दबाकर मारने का प्रयास और मारपीट की। आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर । वे लोग घर पर रखे आठ जोड़ी पाजेब, सोने की एक हमेल, एक चेन, सोने का कड़ा, दो मंगलसूत्र, सोने की पांच अंगूठी व दो जोड़ी झुमके, सोने के दो ताबीज व एक लॉकेट और 2.30 लाख रुपए लूट ले गए। , घटना क्रो लेकर पुरे गांव मे भय का महौल बना हुआ है ग्रामीणों ने प्रसाशन क्रो चेतावनी दी है की 7 दिन मे बदमाशों क्रो नहीं पकड़ा गया तों पूरा गांव मिलकर बड़ा आंदोलन करेगा. ग्रामीणों ने रोड जाम की चेतावनी दी है इस दौरान सूरजभान पुनिया, दलीप पुनिया ईस्वर, प्रताब झोथड़ा मानसिंह राहड़, जगदीश मेघवाल, सुरेश पुनिया दलीप झोथड़ा जगदीश, अमृचंद जोथड़ा गणेश, प्रेम रहड़,गायत्री पुनिया, शिला, बाला, संतरो,संतोष, बिमला, बनारसी, खजानी,सुमन आदि महिला उपस्थित रही।

# अवैध पिस्टल, दो कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**चूरू** दूधवाखारा पुलिस ने युवक को अवैध देसी पिस्टल और दो कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। दूधवाखारा थानाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने ख्याळी बस स्टैंड के पास सड़क किनारे संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को रोककर पूछताछ की। पूछताछ और तलाशी में युवक के पास से 315 बोर की देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिसे पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान राजगढ़ के महाराणा प्रताप चौक, नायकान मोहल्ला निवासी विक्रम नायक (27) के रूप में की है। उससे हथियार की सप्लाई और उद्देश्य को लेकर गहन पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार और सुशील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## संस्कार केंद्र पर हुआ मातृ सम्मेलन का आयोजन

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्रीमती सूरज कुमारी गाड़ोदिया बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित पाबूजी संस्कार केंद्र में सप्त शक्ति संगम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रभारी भगवंती परवानी द्वारा अतिथियों का परिचय करवाया गया तथा कार्यक्रम की प्रस्तावना दीपा टेलर द्वारा रखी गई। मुख्य वक्ता श्रीमती गायत्री जांगिड़ द्वारा - माताएं शक्ति का पुंज है.. विषय के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण की भारतीय दृष्टि पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष श्रीमती राजरानी व्यास ने नारी के महत्व का वर्णन किया। बस्ती की मातृशक्ति द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन दीपमाला शर्मा ने किया। पुष्पा प्रजापत ने आभार व्यक्ति किया।

## थाईलैंड जाएंगी आईएएसई विश्वविद्यालय की छात्रा



**सरदारशहर।** शहर के आईएएसई मानित विश्व विद्यालय गांधी विद्या मंदिर की छात्रा दीपिका पुत्री सुगनाराम का चयन एशिया एंड ओशिनिया ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित होगी। दीपिका उत्तरप्रदेश में भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सीनियर महिला ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में गी और नोगी दोनों इवेंट में 2 स्वर्ण पदक जीतकर इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई एवं विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। विश्वविद्यालय खेल प्रभारी चंद्रशेखर भारती ने बताया कि दीपिका ने पहले भी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कनकमल दूगड़, कुलपति प्रो बीएल शर्मा, रजिस्ट्रार धर्मसिंह गहलोत, खेल प्रभारी चंद्रशेखर भारती एवं विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने दीपिका को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं../खु.नि./ 2025-26/37-46 दिनांकः 28.11.2025

**खुली-निविदा सूचना संख्या- 04/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान् पंचायत समिति बीदासर (चुरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र/फार्म में दिनांक 28.11.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | सार्वजनिक श्मशान भूमि में टीनशेड निर्माण कार्य ढाणी स्वामियान् | 450000 | 9000 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 05.12.2025 समय 11:00ए. एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 05.12.2025 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी । निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp. rajasthan.gov.in पर UNIBNo ZCR2526A1035 UBNN- ZCR 2526 WSOB 01741 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं ढाणी स्वामियान् / 2025-26/47-55 दिनांक : 28.11.2025

**निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी एवं स्वच्छता हेतु इन्टरलॉक सीसी ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य सर्वजनिक श्मशान भूमि ढाणी स्वामियान् | 950000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 28.11.2025 प्रात 10.00 बजे से 05.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 05.12.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp. rajasthan. gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1034 UBN No. ZCR 2526 WSOB 01740 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्


# लोहिया कॉलेज में छात्रों ने किया प्रदर्शन, अव्यवस्थाओं और पेयजल समस्या को लेकर जताया विरोध

जयपुर टाइम्स



**चूरू** लोहिया कॉलेज में अव्यवस्थाओं और पेयजल समस्या को लेकर शुक्रवार को छात्रों ने छात्र शक्ति संगठन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया। विरोध की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी कॉलेज परिसर पहुंची। छात्र नेता विशाल सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि कॉलेज में मीठे पानी की व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्रों को खारा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। छात्रों ने इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की बेहद खराब व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई और नियमित सफाई कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र नियमित रूप से कॉलेज में उपस्थित नहीं रहते, उन्हें हॉस्टल प्रवेश से रोका जाए, ताकि आवश्यकता रखने वाले छात्रों को आवास सुविधा मिल सके। विशाल सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रशासन को इन समस्याओं के बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन मिला, कार्रवाई नहीं। लगभग 30 मिनट तक चला यह विरोध शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान निखिल, हिमांशु, राहुल, राजेंद्र, महताब, वीरेंद्र, रोहित और निखिल सहित कई छात्र मौजूद रहे।


## विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
**(आदेश 5 सी.पी.सी.)**

**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तारानगर जिला चूरू**
वाद संख्या मु.दी.उत्तराधिकार 03 सन् 2025
परमेश्वरी देवी बनाम शाखा प्रबंधक एस.बी.आई. बैंक आदि

**नोटिस बोर्ड**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि परमेश्वरी देवी पत्नी महिपतराम निवासी गडाना तहसील तारानगर जिला चूरू ने अदालत हाजा में एक वाद इस आशय का पेश किया है कि स्व. कृष्ण कुमार पुत्र स्व. महिपतराम प्रजापत निवासी गडाना द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा तारानगर में खुलवाया गया बचत खाता में जमा राशि 80,214/- रूपये अखरे अस्सी हजार दो सौ चौदह रूपये जिसके खाता सं. 38724331188, पंजाब नेशनल बैंक शाखा तारानगर में बचत खाता में जमा राशि 85,361.85/- रूपये अखरे पिचासी हजार तीन सौ इकसठ रूपये पिचासी पैसे जिसके खाता सं. 6889000100067449 है जिसकी प्रार्थीनी स्वामी है उसके हक उतराधिकार अधि. की धारा 372 के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में हिन्दु बाबत अगरकिसी भी व्यक्ति को आपत्ति एवं एतराज हो तो अदालत हाजा में दिनांक 29.11. 2025 को समय 10 ए.एम. पर उपस्थित होकर बतायें वरना परमेश्वरी देवी को उत्तराधिकारी घोषित कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से दिनांक 4.11.2025 को जारी किया गया।

**अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**तारानगर जिला चूरू**

## विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादीगण के नाम आव्हान पत्र
**( आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)**

**अदालत सिविल न्यायाधीश महोदय,**
**चूरू (राज.)**

न.मु. 52 सन् 2025 ता. पेशी
आरती राजपाल आदि -वादीगण- विरुद्ध मोहम्मद आरीफ आदि -प्रतिवादीगण-
**जनप्रतिनिधित्व वाद आदि (दावा संख्या-52/2025)**

**सर्वसाधारण**

क्योंकि वादीगण ने दावा उपरोक्तानुसार दायर किया है अतः जनसाधारण को सूचित किया जाता है तो अगर वो दावा में कोई आपत्ति रखते है तो दावा का उत्तर देने के लिए तारीख 20 माह 12 वर्ष 2025 को समय 10:30 ए.एम. के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया गया है मुकदमें से सम्बन्धित समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुन कर निर्णय कर दिया जावेगा। क्यों न उपरोक्त दावा स्वीकार किया जावे।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रायुक्त दिनांक 28 मास 11 सन 2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**सिविल न्यायाधीश चूरू**

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा. / 2025-26 /10293 दिनांकः - 26/11/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 3 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री अशोक कुमार बैद पुत्र मानिक चंद बैद जाति ओसवाल | वार्ड नं. 17 राजलदेसर | 154.64 वर्ग मीटर | - | 69 क |
| 02 | श्री अशोक कुमार बैद पुत्र मानिक चंद बैद एवं रितेश कुमार वैद पुत्र अशोक कुमार बैद जाति ओसवाल | वार्ड नं. 17 राजलदेसर | 895.40 वर्ग मीटर | - | 69 क |
| 03 | श्री पलाश कुमार मालाकार पुत्र श्री छतन मालाकार जाति मालाकार | वार्ड नं. 01 राजलदेसर | 185.80 वर्ग मीटर | 132 | कृषि से आवासीय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 26/2025-26 | Chainlink Fencing work नर्सरी चांदगोठी रेंज राजगढ | 3.60 लाख | FOR 2526 WSOB 03430 |
| 2 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 27/2025-26 | Chainlink Fencing work at Bandhnau Nursery Range Sardarshahar | 2.67 लाख | FOR 2526 WSOB 03431 |
| 3 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 28/2025-26 | Construction of Seed Store at Nursery Campus, Range Sardarshahar | 1.76 लाख | FOR 2526 WSOB 03433 |
| 4 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 28/2025-26 | Construction of Seed Store at Taranagar | 1.76 लाख | FOR 2526 WSOB 03435 |
| 5 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 28/2025-26 | Construction of Water Soucer & Fodder Store at 20 Hac. Enclosure Leelki, Rajgarh | 4.07 लाख | FOR 2526 WSOB 03436 |

खुली बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

DIPR/C/17428/2025

**उपवन उप वन संरक्षक, चूरू**

## ब्लॉक आयुष चिकित्सालय मंडावा में आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित हुआ शिविर

### शिविर में अर्श भगंदर ,पाइल्स फिस्टुला बवासीर के रोगियों की पहचान कर उपचार के लिए किया गया रजिस्ट्रेशन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** आयुर्वेद विभाग राजस्थान द्वारा 15 दिसंबर से जिला मुख्यालय झुंझुनू में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय कैंप की तैयारियों को लेकर ब्लॉक आयुष चिकित्सालय मंडावा में शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिता चौधरी ने बताया कि इस 10 दिवसीय शिविर में मुख्य रूप से अर्श भगंदर, गुदा विकार आदि रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाएगा । डॉ विकास कुमार, डॉ इंदु ने बताया कि मुख्यालय पर लगने वाले इस शिविर में उपचार का लाभ देने के लिए आज ब्लॉक आयुष चिकित्सालय मंडावा में आयुर्वेद चिकित्सकों ने एक प्री कैंप का आयोजन किया गया । शिविर में अर्श भगंदर पाइल्स फिस्टुला बवासीर के रोगियों की पहचान कर 15 तारीख से प्रारंभ होने वाले शिविर में क्षार सूत्र उपचार के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया । डॉ पूनम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर आयुर्वेद चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया जावे। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिता चौधरी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार,आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ इंदु , ?डॉ पूनम होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, सुनीता कुमारी,अमन बुडानिया, आशीष कुमार शर्मा,राजेश कुमावत, मनोज कुमार,विकास महला ने सेवाएं दी,

## पेड़ पौधों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य

### सराहनीय कार्य वृक्ष मित्र श्रवण कुमार के द्वारा

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)।** नवलगढ़ के आस-पास के क्षेत्र में पेड़ पौधों को ठंड से बचाने के लिए ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत लगाए गए पेड़ पौधों को सर्दी से बचाने के लिए वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने किया सराहनीय कार्य। पौधों के टाट पट्टी जूट के कट्टे एवं खीप आदि लगाने शुरू कर दिया । वृक्ष मित्र ने सभी पर्यावरण प्रेमियों से निवेदन किया है कि कृपया पेड़ पौधों को सर्दी से बचाने के उपाय शुरू करें । शुक्रवार को दानवीर मार्ग डूंडलोद सांखू सड़क किनारे सांखू जोहड़ में लगाए गए पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए टाट पट्टी एवं कट्टे तथा खिप लगाने का कार्यक्रम शुरू कर दिया । सर्दी के दौरान छोटे पौधे अत्यधिक ठंड से जल जाते हैं छोटे-छोटे पौधों को ठंड से बचाना जरूरी है। विशेष नीम पर ज्यादा सर्दी का असर होता है पेड़ पौधों को ठंड से बचने के उपाय सभी नागरिकों को करनी चाहिए तथा पर्यावरण हित में कार्य करके पेड़ पौधों को बचाना चाहिए इस अवसर पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ,लूणकरण सैनी, महावीर प्रसाद माहिच सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि मनाई

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में समाज योद्धा महापुरुष महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर 'जीवन एक आधार सेवा संस्थान' के परिसर में उनकी फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन के बारे में सभी को बताया गया। एक समाज जागरण के युगपुरुष, शिक्षा एवं समता के महान अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले जी को श्रद्धाभाव से नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके उच्च आदर्शों को हृदय में संजोकर समाज निर्माण में सहभागिता निभाएं जाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया । इस मौके पर राष्ट्रीय सैनी सभा नवलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष/ प्रदेश मिडिया प्रभारी सुभाष चौबदार, पुष्पा सैनी संस्था प्रभारी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक विक्रम जाखल ने जन्मदिन पर किया वादा निभाया

### जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासियों ने जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** मोहनवाड़ी ग्राम वार्ड नं 1 में विधायक विक्रम सिंह जाखल के जन्मदिन पर आमजन व जनप्रतिनिधि ने स्वागत किया और गांव के विकास को लेकर मांग को विधायक के समक्ष रखा। नेकिराम मोहनवाड़ी ने बताया कि आमजन ने ग्राम में पानी की समस्या को लेकर एक लिखित पत्र विधायक विक्रम सिंह को सोपा। विधायक जाखल ने 7 दिनों का आश्वासन दिया जों की शुक्रवार को पूर्ण हों चुका है गांव की समस्या की समाधान के लिए ट्युबेल लगाकर किया सामाधान। इसमें नेकीराम नेहरा, हरदेवराम, मूलचंद, ओमप्रकाश, श्रीराम, विद्याधर नेहरा, सुरेन्द्र नेहरा,भंवर लाल, प्रेमचंद, हरिराम रणवा, बनवारीलाल रणवा, डालचंद रणवा, श्रीराम सुंडा, नेकीराम सेवदा आदि मौजूद रहे।

# प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने रखा प्रशासक बनाने का प्रस्ताव, सर्वसम्मति से हुआ पारित

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं जिला परिषद के इस कार्यकाल की शुक्रवार को आखिरी बैठक की गई। बैठक जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू तथा पिलानी विधायक पितरामसिंह काला तथा जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने सरपंचों की तरह प्रधानों और जिला प्रमुखों का कार्यकाल बढाकर उन्हें प्रशासक बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्रधान दिनेश सुंडा की बात पर जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने सहमति जताते हुए कहा कि बिना जनप्रतिनिधियों के आमजन की आवाज पंचायत समितियों और जिला परिषद में नहीं रखी जा सकती। इसलिए उन्होंने सरकार को प्रस्ताव भेजने की बात कही। प्रमुख रूप से इस प्रस्ताव का बैठक में मौजूद अलसीसर प्रधान घासीराम पूनियां, खेतड़ी प्रधान मनीषा गुर्जर, चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व धांगड़, पिलानी प्रधान बिरमा देवी, सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह व बुहाना प्रधान हरिकृष्ण यादव ने किया। सुंडा ने इस मौके पर नवलगढ़ पंचायत समिति में प्रस्तावित मिनी सचिवालय का काम पूरा करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10-20 प्रतिशत काम शेष है। जिसे एक साल से पूरा नहीं किया जा रहा। साथ ही बारिश के मौसम के बाद सड़कों के दोनों ओर खड़े झाड़ झंगाड़ और छोटे पेड़ों को हटाने की मांग रखी। जिस पर जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने पीडब्लूडी अधिकारियों को जंगल कटिंग के निर्देश दिए। सुंडा ने पंचायत समिति नवलगढ़ के सामने से गुजर रही आरएसआरडीसी की सड़क से पानी निकासी का स्थायी समाधान करने की मांग भी की। सुंडा ने कहा कि आरएसआरडीसी ने टोल रोड बना दी। सालों से टोल वसूला जा रहा है। लेकिन नवलगढ़ पंचायत समिति के सामने ड्रेनेस की कोई व्यवस्था नहीं की। जिससे आए दिन पानी जमा रहता है। बारिश के दिनों में जाम जैसी स्थिति हो जाती है।

## महात्मा फुले का 135वाँ परिनिर्वाण दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ सामाजिक शैक्षणिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले के परिनिर्वाण दिवस पर डूंडलोद गढ़ के सामने राष्ट्रीय सैनी सभा के तत्वधान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में डूंडलोद नगर अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ। उन्होंने सामाजिक शैक्षणिक आर्थिक राजनीतिक क्षेत्र में समाज की जागृति के लिए, उन्नति के लिए उनको सामान अधिकार दिलाने के लिए ठोस पहल की समाज में व्याप्त कुरितियां, अंधविश्वास, धर्मांतरण, अशिक्षा, असमानता शोषण इत्यादि के विरुद्ध कठोर संघर्ष करते हुए उनके विरुद्ध जनमानस को जागरूक कर अधिकार सम्मपन्न् बनाने का प्रयास किया। सरल रीति से रीतिडु रिवाज फिजूलखर्ची रोकने के लिए मार्गदर्शित किया।नारी शिक्षा का ज्योतिबा फुले ने अभियान चला करके नारी जगत को पुरुषों के बराबर सामान रूप से अवसर दिलाने के लिए अभियान छेड़ा। समाज को जागरूक करने के लिए साहित्य रचना करके उनकी अमूल्य निधि आज समाज को जागरूक करते हुए अधिकार संपन्न बनती जा रही है। हम उनके परिनिर्वाण दिवस पर संकल्प लेकर उनके द्वारा बताए गए आदर्श मार्गों पर चलकर अपने आप को संपन्न, सुखी और परोपकारी बनाकर अपना आदर्श स्थापित करें।

इस मौके पर सुभाष चौबदार (पत्रकार) नवलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष, सीताराम सैनी डूंडलोद नगर अध्यक्ष, सुभाष चंद्र भूत समाजसेवी , वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड़ मनोहर लाल सैनी संजय कुमार शर्मा सुभाष चंद्र शर्मा दिनेश कुमार मेड संजू कुमावत गिरधरलाल कुमावत नंदलाल सैनी राजेंद्र प्रसाद सैनी ओमप्रकाश जाट सुमेर मिल उमेश टेलर राम अवतार टेलर सतीश कुमार जसरपुरिया महेंद्र सिंह खींची श्रवण दरिया लालचंद सोनी संजू सैनी एवं विनोद कुमार सैनी आदि मौजूद रहें।

## *महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनू की पदाधिकारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक से लौटी*

### स्वामी रामदेव जी से प्राप्त हुआ आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निसं.)।** महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनू की सह जिला प्रभारी शशिबाला नूनियां के नेतृत्व में जिले की सभी आठों तहसीलों की पदाधिकारियों ने 23 नवंबर से 27 नवंबर तक पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान सभी बहनों को स्वामी रामदेव जी का साक्षात मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उन्होंने मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बैठक के दौरान केंद्रीय प्रभारी साध्वी देव प्रिया जी ने झुंझुनू जिले की योग गतिविधियों की जानकारी लेते हुए जिले में बढ़ती योग प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने पदाधिकारिणियों को जिले में अधिक से अधिक योग कक्षाएँ स्थापित करने, योग-आयुर्वेद-स्वदेशी अभियान को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुँचाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का प्रेरणादायी संदेश दिया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत सभी पदाधिकारिणियों को स्वामी रामदेव जी द्वारा आशीर्वाद स्वरूप 1 किलो लड्डु तथा एक हवन कुंड भेंट किया गया। स्वामी जी के दर्शन और प्रशिक्षण से उत्साहित सभी बहनें नई ऊर्जा, नए संकल्प और नई निष्ठा के साथ 27 नवंबर को झुंझुनू जिले लौटीं। महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनू ने सभी पदाधिकारी बहनों का हार्दिक अभिनंदन किया है। समिति ने कहा कि स्वामी रामदेव जी के आदेश और निर्देश उनके लिए सर्वोपरि हैं और आने वाले समय में जिले में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के प्रसार को और अधिक गति दी जाएगी।

## आज संविधान का दिनः एन गर्ल्स बी.एड. कॉलेज

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में श्रीनवलगढ़ विद्यालय कमेटी, कोलकाता द्वारा संचालित एस. एन. गर्ल्स बी.एड. कॉलेज में 76 वे 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता नेशनल स्काउट ट्रेनिंग लिडर रामावतार सबलानियां व विशिष्ट अतिथि मुरली चौबदार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. संतोष पिलानियां द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित करके किया गया। प्राचार्य ने सभी का स्वागत करते हुए संविधान में वर्णित अधिकारो व कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संविधान हमें सम्मान, बराबरी और आजादी को सबसे ज्यादा महत्त्व देता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने संविधान की विशषताओ तथा संविधान निर्माण की प्रक्रिया तथा लिपि बद्ध करने वाले प्रेम बिहारी नारायणी रायजादा के बारे में अवगत कराया एवं साथ ही महाविद्यालय की छात्राध्यापिकाओ से संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी की जिसमें प्रश्नो का सही उतर देने वाली छात्राध्यापिका लवलिन सैनी, मैंना सांगण, प्रियंका कुमारी, सरिता कुमारी यादव, लक्ष्मी शर्मा, रजनी, चंदा सबलानियां तथा पिंकी कुमारी को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने मनुष्य के प्रमुख तीन कर्त्तव्यों के बारे में बताया कि पहला कर्त्तव्य ईश्वर के प्रति, दुसरा कर्त्तव्य दुसरों के प्रति, तीसरा कर्त्तव्य स्वयं के प्रति होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ने अनुशासन एवं समय के महत्त्व के बारे में बताया एवं साथ ही संविधान की सफलता के लिए सच्चे नागरिक के गुणों पर प्रकाश डाला। संविधान दिवस की इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्राध्यापिकाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य ने भारत के संविधान उद्देशिका की सभी को शपथ दिलाई तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. माया सांखला, पूजा सैनी, कमलेश कुमार, मीना सैनी, संदीप सैनी, आदि ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्कूली बच्चो ओर आमजन को उठानी पड़ रही है परेशानी

### मच्छरो की भरमार बदबुदार पानी से आसपास के लोगो का जीना हुआ दुभर, महामारी फैलने की बनी रहती है आशंका

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निसं.)।** मंडावा कस्बे के वार्ड 17 में काफी अरसे से मुख्य मार्ग पर घरो से निकलने वाले पानी की समुचित व्यवस्था नही होने के चलते स्कूली बच्चो के साथ साथ स्थानीय लोगो के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगो ओर शिक्षको ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। आम रास्ते पर बनी नालिया सफाई के अभाव में गंदगी से अटी हुई है। रास्ते में बनी नालिया बनाकर छोड़ी गई है जिसका पानी मुख्य मार्ग पर एकत्रित हो रहा है। राजेन्द्र सनोदिया,पल्लवी मिश्रा,राकेश सनोदिया ने बताया कि बाल भारती स्कूल के पास मुख्य रास्ते पर 22 फूट का लिंक रास्ता पुरी तरह लोगो ने मिट्टी डालकर अवरूद्ध कर दिया है जिससे सारा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ये रास्ता स्कूल जाने का मुख्य रास्ता हे। प्रतिदिन स्कूली बच्चो को इस रास्ते से ही विद्यालय जाना पड़ता है। बच्चो को अपनी जुराबे, जूते हाथ में लेकर जाने का मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार बच्चे गंदे पानी में गिरने से चौटिल भी हो चुके है। पुर्व में भी इस गंदे पानी के भरव की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर ने मौके का नीरिक्षण कर स्थानीय ईओ मंडावा को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर कोमल जागिड़,उषा सैनी,पायल चावला,मुस्कान सनोदिया,पुनम मारवाल,प्रमोद कटारिया, कमलेश कुमार,राकेश कुमार मीणा,अशोक कुमार सहित अनेक वार्ड के लोग उपस्थित थे।

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत आयोजित हुआ जिला स्तरीय शिविर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निसं.)।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा संचालित 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष तथा अन्य अप्राप्त/अदावा वित्तीय परिसंपत्तियों के निस्तारण हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन शुक्रवार को सूचना केंद्र सभागार में किया गया। यह शिविर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता तथा अग्रणी जिला प्रबंधक के निर्देशन में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों की सुविधा हेतु nclaimed Accounts/Deposits से संबंधित लंबित एवं अप्राप्त राशि के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष काउंटर स्थापित किए गए। पात्र लाभार्थियों को उनकी अदावा राशि के निस्तारण संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को उनकी लंबित जमा राशि के निस्तारण एवं दावा प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैंक ऑफ़ बड़ोदा के क्षेत्रीय प्रमुख दिनेश आर्य ने मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सम्बोधित करते हुए कहा की बैंक अधिकारियो को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर ईमानदारी से उचित कार्यवाही करते हुए वास्तविक हकदार को लंबित राशि का वितरण अविलम्ब करे इसी कड़ी में भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी राजा राम ने कहा की अभियान के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर बैंको को प्रोत्साहन राशि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक जयपुर के अधिकारी राजा राम बैरवा एवं सौरव नागपाल, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, तथा जिले के विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में बैंक ऑफ बड़ोदा के क्षेत्रीय प्रमुखदिनेश आर्य,भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख हेमंत कुमार शर्मा, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख सज्जन सिहाग और जिले के विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी तथा अग्रणी जिला कार्यालय एवं आर-सेटी स्टाफ सहित अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर-सेंटी निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने किया।

## जिला परिषद की साधारण सभा में ग्रामीण विकास के मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क, बिजली, पेयजल और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला परिषद सदस्यों ने किसानों को बिजली आपूर्ति सुबह 4 बजे के स्थान पर दिन में करने की मांग रखते हुए कहा कि इससे किसानों को होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। वहीं बुहाना पंचायत समिति क्षेत्र में बूंद-बूंद बिजली कनेक्शन जारी नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पेचवर्क करवाने, अतिक्रमण हटाने तथा जल जीवन मिशन के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को पुनः सही करवाने की मांग रखी। साथ ही बिना मानकों के बने स्पीड ब्रेकर हटाने की मांग भी उठाई गई। इस पर जिला प्रमुख ने अधिकारियों को ग्रामीण सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने चिड़ावा-सूरजगढ़ मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण और उससे होने वाली दुर्घटना संभावनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने खाद्य सुरक्षा में वितरित होने वाले गेहूं की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करने की मांग भी रखी। झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू ने एमएलए लेड के तहत बन रहे नलकूपों में पानी नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्राउंड वाटर विभाग की रिपोर्टों के बावजूद नलकूप सूखे निकल रहे हैं, इसलिए निर्माण कार्य केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद ही किया जाए। नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने नवलगढ़ में मिनी सचिवालय निर्माण में हो रही देरी पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि नवलगढ़, माडांसी और हवाई पट्टी चौराहे पर सड़क पर जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है। इस पर अधिकारियों ने सूचित किया कि इन स्थानों का सर्वे कर लिया गया है और जल्द कार्य शुरू होंगे। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकियों से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग पर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने जलदाय विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जहां कार्य पूर्ण हो चुका है वहां जलापूर्ति शुरू की जाए। चिड़ावा प्रधान ने पंचायत समिति की दुकानों की जांच तीन माह से लंबित होने का मुद्दा उठाया। बैठक में नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने सरकारी बैठकों को प्लास्टिक मुक्त करने का प्रस्ताव पास किया। बैठक में प्रधानों ने जिला प्रमुख को ज्ञापन सौंपा व कहा कि जिस तरह सरपंचों को प्रशासक लगाया गया है उसी प्रकार प्रधानों व पंचायत समिति सदस्यों को भी प्रशासक लगाया जाए । बैठक में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, पिलानी विधायक पीतराम काला, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व धागड़, सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह, अलसीसर प्रधान घासीराम पूनिया, खेतड़ी प्रधान मनीषा गुर्जर, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, पिलानी प्रधान बिरमा देवी, सिंघाना प्रधान सरला सैनी, जिला परिषद सीईओ कैलाश चंद्र शर्मा, जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक विकास अधिकारी सहित जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे ।